CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Internal Security Problem with referene to the State of Jammu and Kashmir-*Contd*

उपसभापति : अहलुवालिया जी आप के लिए पांच मिनट हैं ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया (बिहार): मैडम, अगर 7 मिनट के 45 मिनट हो सकते हैं तो 5 मिनट के 35 तो हो ही सकते हैं ।

उपसभापति : वह समय चेयरमैंन साहब ने दिया था । वह बहुत जेनरस हैं ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैडम, जेनरस की बात नहीं है ।

But generosity does not come for a particular purpose or for a particular person. It should be uniform.

उपसभापति : अहलुवालिया जी आप दूसरे समय पर जरूर बोलिए । 10 मिनट नहीं, 20-25 मिनट बोलिए । मगर समस्या यह है कि बहुत से नाम है और कालिंग अटेंशन में हम लोग निर्णय लेतें हैं कि हम इसको एक घंटे में खत्म करेंगे which is not possible with all the names. Sometimes we take impracticable decisions. I shall try to be practical.

SHRI S.S. AHLUWALIA: I fully agree with you. But this clause should be applicable to each and every speaker . इस केस को भूल जाइये । आप आज के दिन भूल जाइये । कल से इसको लागू करेंगी तो अच्छा रहेगा ।

उपसभापति : आप बोलना शुरू करिए और यह ध्यान रखिए की आप भी इस हाउस के मेमबर हैं ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : ठीक है । उपसभापति महोदया, आज हम जम्मू एंड कश्मीर पर ध्यानाकर्षण विषय पर बात कर रहें हैं । जम्मू एंड कश्मीर हमारे भारत का एक अभिन्न अंग हैं । जब से भारत बना तब से वह हमारा अभिन्न अंग बना और जब तक भारत रहेगा वह हमारा अभिन्न अंग रहेगा । इस सोच को लेकर के अगर हम चलें तो बहुत सारे वाद-विवाद यूं ही समाप्त हो जाएंगे ।

मेरे पर्वू वक्ता ने इस प्रस्ताव को सामने रखते हुए जो कुछ कहा है और उनके पुरे वक्तव्य का अगर मैं विश्लेषण करूं तो मुझे याद आता है कि कोई इतिहास का छात्र इतिहास

के कुछ पन्नों को भूल जाता है और सिर्फ कुछ पन्नों को ही पढ़ता है और उसी के द्वारा एक नया इतिहास गढ़ना चाहता है । मैं पुरानी बात करूं तो इसकी शुरूआत 1947 से होती है जब तथाकथित पाकिस्तानी समर्थित कबालियों के कश्मीर पर हमला किया और उन तथाकथित कबालियों को पाकिस्तान का पूरा समर्थन उसी तरह से हासिल था जिस तरह से आज वहां जो आंतकवाद फैलाया जा रहा है उनको कर रहें हैं । दुर्भाग्य की बात है कि मौके के नेताओं ने उस वक्त पाक आक्युपाइड कश्मीर को आजाद कश्मीर की आख्या भी दी जिसको लेकर यूनाईटेड नेशन्स की सिक्योरिटी काउन्सिल में कृष्णा मेनन की मैराथन स्पीजिच हैं । उन्होनें जो कहा उसमें उन्होनें खुद के प्रधान मंत्री के वक्तव्य प्रश्नचिह्न लगाया था । शुरूआत कश्मीर की कहां से करूं ? कश्मीर एक नासूर बन गया है । इस नासुर कश्मीर राज्य की बात नहीं कर रहा हूं, वहां की प्राब्लम को मैं कह रहा हूं । आप तो चौंकें हैं । आप तो चौकैंगे, बहुत कुछ में चौकेंगे । कश्मीर का प्राब्लम एक नासूर बन चुका है और यह नासूर क्यों बना ? उसके पीछे कौन-कौन से इतिहास के पन्ने मैं खोलूं और कौन-कौन से पन्ने खोलकर मैं बताऊं कि हमारे यहां इस सदन में जो उस इतिहास से जुडे हुए हैं वह भी माननीय सदस्य हैं, वे वहां के सदरे-रियासत रह चुके हैं । उस इतिहास को अगर मैं जोड़ने लगूं तो सवाल आता है कि शेख अबदुल्ला को क्यों गिरफ्मार किया गया था? सदरे-रियासत के हुक्म पर क्यों गिरफ्तार किया गया था ? क्या कारण थे ? क्या वजह बनी थी ? कौन-सी मुसीबत आन पड़ी थी ? क्या वह हिंदुस्तान को छोड़कर पाकिस्तान की तरफ जा रहें थे या पाकिस्तान के लिए ऐसा काम करने जा रहे थे जो हमारे हक में नहीं था या हमारी संस्कृति और सभ्यता पर एक धब्बा बनता या हमारे देश की एकता और अखंडता को खतरा पैदा होता? मेरे पूर्व वक्ता ने बताया कि अब बहुत सारी चीजें उछल रहीं हैं । हम कई चीजें सदन में ऐसी बोल देतें हैं जो हो सकता है कि हमारे दिल की भड़ास निकालने के लिए और दो दिन अखबारों में अपना नाम छापने के लिए अच्छी हो सकती हो किंतु बाद में वही बातें घूम-फिरकर पाकिस्तन के टी.वी. और पाकिस्तानी रेडियो के लिए प्रचार सामग्री का कारण बन जाती है, जिनको पढ़कर सारी दुनिया के लोग किस तरह से हिंदुस्तानियों को, हिंदुस्तान की सरकार को और हिंदुस्तान के लोगों को शक और शुबहा की नजर से देखने लगते हैं, उसका अंदाजा हम नहीं कर सकते और उसके बारे में हम भूल जातें हैं । महोदया, जम्मू-कश्मीर की बहुत लम्बी कहानी हैं । जम्मू-कश्मीर की इस लम्बी कहानी और लम्बे दौर में मैं अपने पूर्व वक्ता जनाब गुलाम नबी आज़ाद साहब के साथ कश्मीर के दौर पर भी गया था उन्होनें कहा कि क्रॉस फायरिंग में लोग मारे जातें हैं । उस समय इनकी हुकूमत थी । जनाब गुलाम नबी आजाद साहब पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर थे । मैं उनके साथ गया था। बारामुल्ला में पूरी वैली में स्ट्राइक डिक्लेयर हो गयी । उस समय कांग्रेस का राज था, पूरी वैली में स्ट्राइक डिक्लेयर हो गयी

थी । कोई भी डैलीगेशन जिनको हम मिलना चाहते थे और जिनसे जाकर कोई बात करके हम वहां की मुसीबतों को समझना चाहते थे...(**व्यवधान**)...

श्री मूलचंद मीणा (**राजस्थान**): महोदया, अहलुवालिया जी पुराने इतिहास की बात कर रहें हैं, हम जम्मू-कश्मीर की समस्या के बारे में बात कर रहें हैं । पुरोन इतिहास में हम किसके साथ थे, कौन सी गर्वनमेंट थी, इस बात को कहने की क्या जरूरत हैं ?

उपसभापति : आप क्यों बोल रहें हैं, क्या आप प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठा रहें हैं ?

श्री मूलचंद मीणा : जी, यही मैं कह रहा हूं ।

उपसभापति: इसमें कोई प्वाइंट आफॅ ऑर्डर नहीं हैं ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सवा बारह बजे से एक बजे तक आप कहां थे ? ...(**व्यवधान**)...

श्री मूलचंद मीणा : अहलुवालिया जी, मैं यही कहना चाहता हूं कि थोड़ा विषय पर ही बोलें, इतिहास की ओर जाएंगे तो बहुत लम्बा इतिहास है, फिर तो दो-तीन घंटे डिस्कशन होती रहेगी । ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : वह तो चलेगी ही । इतिहास तो पढ़ना ही पड़ेगा । इतिहास तो आपने हमें पढ़ाया है । ...(**व्यवधान**)...

श्री मूलचंद मीणा : जम्मू-कश्मीर की समस्या सुलझाने की बात हो रही है या पुराने इतिहास की बात हो रही है ? ...(**व्यवधान**)...

श्री राजू परमार (**गुजरात**): अहलुवालिया जी, इतिहास के उस पन्ने को भी याद करो जब यहां बैठकर बोलते थे ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : ठीक है । ...(**व्यवधान**)...

SHRI JIBON ROY(West Bengal): Madam, we have taken a decision that this side will speak for seven minutes and that side will speak for five minutes... *(Interruptions)*... He has just now started narrating the history. History will go on. I draw your attention to this. That is all... *(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य" (**उत्तर प्रदेश**) **:** पहले आप क्यों नहीं बोले ?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down ...*(Interruptions)*...

Please take your seat... *(Interruptions)*... The thing is, I am concerned with the time of the House. If any part of his speech is against the rules of the House, I will stop him. But, I will only request him that he also keep his eyes on the watch.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Madam, I am wearing a wrist-watch and I can see the wall clock as well.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Very good.

SHRI S.S. AHLUWALIA: That is correct. But the earlier speaker was also wearing a wrist-watch and the wall clock was also there. The wall clock was just not hung.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay. But, still, you will have to confine yourself to the time allotted to you... *(Interruptions)* ...You are a very disciplined Member.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Madam, if you go through the record from 12.20 pm to 12.55 pm, you will know that History was taught to us. I am just trying to remind them as to what part of History they were reading and what the other part of the history says.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Go ahead.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं कह रहा था कि मेरे साथ पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर गुलाम नबी आजाद साहब भी थे। हम लोग बारामुल्ला में गये जहां हमें एक जिले की मीटिंग बुलाकर सारे अफसरों से ब्रीफिंग लेनी थी। वहां कुछ ऐसी घटना घटी तो एक सवाल आया-सपलीमेंटरी सवाल पूछने की आदत पार्लियामेंट में है, वहां भी पूछ लिया गया- सवाल था कि दो करोड़ रूपये कंपनसेशन में उन लोगों को देने थे जो लोग क्रॉस फायरिंग में मारे गये थे। महोदया, क्रॉस फायरिंग में मरने वाले एक आदमी के परिवार को एक लाख रूपये दिये जातें हैं। दो करोड़ का मतलब है कि दो सौ आदमी क्रॉस फायरिंग में मारे गये और वह भी सिर्फ बारामुल्ला जिले में और उसमें भी जो ज्यादा संख्या थी, वह सौहपुर के इलाके की थी। मैनें सिर्फ इतना सवाल किया कि मैं सौहपुर जाना चाहता हूं। मैं उन अफसरान का और उन लोगों का नाम नहीं लेना चाहता जिन्होनें इस बात का विरोध किया और कहा कि आप सौहपुर नहीं जा सकते। मैनें कहा कि मैं जाकर देखना चाहता हूं और वहां के लोगों के दुख-दर्द, उनकी तकलीफ को समझना चाहता हूं, मुझे जाने दिया जाए। जब सौहपुर से माइग्रेशन शुरू हुआ और जब सौहापुर में क्रॉस फायरिंग में लोग मारे जा रहे थे, यह उस

समय की बात है। सडनली एक अफसर जो असिस्टेंट कमिश्नर या एडीश्नल कमिश्नर था डिस्ट्रिक्ट का, वह हिस्टीरिकल हो गया और बहुत जोर-जोर से बोलने लगा कि यहां सारी बातें आपको पता नहीं लगेंगी। और ये लोग नहीं बताएंगे, मैं बता सकता हूं। मैं बता सकता हूं किंतु अगर मैं बताऊंगा तो मेरी जान भी खतरे में आ जाएगी। वह जान खतरे में ऐसी आएगी कि मैं शायद कल की सुबह नहीं देख सकूंगा या आज का डूबता सूरज नहीं देख सकूंगा। मैनें गुलाम नबी आज़ाद साहब से गुजारिश की कि यह तो बड़ा अन्याय है और इस अफसरों को बुला कर अलग-अलग बात करें। इसके लिए मुझे पूरी तरह से याद है कि उन्होनें क्या-क्या बताया और क्या-क्या कहा।

शुरूआत आज की नहीं है महोदया, शुरूआत तो उस दिन से हो गई थी जब गुलाम नबी आजाद साहब के पड़ोस के गांव के मकबूल बट्ट साहब गिरफ्तार हुए थे। यह वाकया 1983 और 1984 का है। जब मकबूल बट्ट साहब को सजाए मौत दी गई तो दबाब चारों तरफ से बढ़ गया। उसके कारण हमारे एक डिप्टी हाई कमिश्नर युनाइटेड किंगडम के, रविन्दर कुमार महात्रे की किडनैपिंग हुई। कश्मीरी मिलिटेंट्स ने पाकिस्तान की मदद से वहां किडनैपिंग की और वहां उसे मारकर चौराहे पर डाल दिया गया। तो महोदया, यह शुरूआत की बात है। मैं शुरू से ही कह रहा हूं कि यह जो प्रॉब्लम है,यह एक नासूर बन चुकी है। इसका इलाज हमको बैठकर ढूंढना है और हम सबको बैठकर ढूंढना है। इस इलाज को ढूंढते हुए अगर हम एक-दूसरे पर दोषारोपण करेंगे तो शायद हम कहीं भी नहीं पहुंच सकेंगे, हम भटक जाएंगे।

महोदया, आखिर आज ये चाहते क्या है ? मेरे पास एक डॉक्यूमेंट है जिसका हेडिंग है- "Terrorism and Subversion in Jammu and Kashmir State of India by Pakistan trained Militants." यह बयान है अमानुल्ला खान का जो चेयरमैन हैं पाकिस्तानी बेस्ड जम्मू एंड कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के। उन्होनें बड़े फख़्र से कहा –

"In December 1989, at Rawalpindi, Amanullah Khan, Chairman of the Pak-based Jammu and Kashmir Liberation Front, announced that subvertives would wage on 18 month-long campaign of terror including hijacking, killings and kidnappings. He want on to say that the front's underground guerilla force operating in J&K had been given guideline: Don't touch our own people, but hit Indian property, including airlines, post-offices, and public buildings".

यह यहां पर समाप्त नहीं होता है। आगे कहा गया है-

"This is not a new development. It has been going on since 1947, and the end of Bangladesh war. The cadets in Pakistan Military Academy at Kakur swear an oath daily that one day they will avenge Bangladesh."

However, it was General Zia-u-Haq who really gave substance and motive force to this plan. At a top level meeting in April 1988, attended by selected corps commanders and top ISI officers, the General made a statement, as reported in IDR of Jury 1989. He said:

"Gentlemen, I have spoken on this subject at length before. Therefore, I will leave out details. As you know, due to our preoccupation in Afghanistan in the service of Islam, I have not been able to put these plans before you earlier. Let there be no mistake, however, that our aim remains quite clear and firm, the liberation of the Kashmir valley. Our Muslim Kashmiri brothers cannot be allowed to stay with India for any length of time now. In the past, we had opted for hamhanded military options and, therefore, failed. As have mentioned before, we will now keep our military option for the last moment as a *coup de grace* if and when necessary".

महोदया, यही नहीं उन्होनें जो अपनी कांस्पीरेसी रची, उसमें यह भी कहा – "Here we must adopt those methods of combat which the Kashmiri mind can grasp and cope with. In other words, a coordinated use of moral and physical means, other than military operations, which will destroy the will of enemy, damage his political capacity and expose him to the world as an oppressor. This aim, gentlemen, shall be achieved. उन्हानें फर्स्ट फेज में कहा- In the first phase which may, if necessary, last a couple of years, we will assist our Kashmiri brothers in getting hold of the border status." ... *(Interruptions)...*

श्री खान गुफ़रान खान आज़मी (**उत्तर प्रदेश**)**:** हम अहलुवालिया जी से कह रहे हैं कि आप क्यों पढ़ रहें हैं, आप जो पढ़ रहें हैं, इसको यहां पढ़कर क्रेडिबिलिटी रहें हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं आपको बता रहा हूं कि यह डिज़ाइन ...(**व्यवधान**)... आप सुन लीजिए तभी समझ आएगा । ...(**व्यवधान**)... आप तो कह रहें हों अभी शुरू हुआ है ...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी : हमें इससे ज्यादा मालूम हैं । ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : आप सुन लीजिए ।...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी : आप क्या बताना चाह रहें हैं ? ...(**व्यवधान**)... जो आदमी पढ़ना नहीं चाहता उसको आप पढ़कर सुना रहें हैं ...(**व्यवधान**)... हाऊस के अंदर पढ़कर आप इससे क्रेडिबिलिटी लेना चाहतें है ? ...(**व्यवधान**)...

श्री राजू परमार : दस मिनट से तो आप बुक से पढ़ रहें हैं ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Madam, I am on a point of order. When we adjourned for lunch, it was decided that with the efforts of all the hon. Members, two Bills should be passed today. Now, it is the responsibility of the Treasury Benches to get these Bills passed. We can wait up to 7-8 o'clock. But, if they have the will that they can have their own time, then it is not binding on us to sit up to 9 o'clock. The Treasury Benches should show some responsibility. ... *(Interruptions)*...During the Calling Attention Motion on "Sankhya Vahini", time and again, we have been told that only questions have to be put. The points have to be put in the form of questions to the Minister....*(Interruptions)*...This is not the way. We are not going to sit like this. ...*(Interruptions)*...*We* are not going to sit after 8 o'clock.

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य" : जब पचास मिनट बोला गया तब आपत्ति नहीं हुई । ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE : I do not mind. You can go on speaking for the whole hour. But we will not sit beyond 8 o'clock. ... *(Interruptions)*... You can continue. We have no objection. Let him speak. आठ बजे के बाद नहीं बैठेंगे । ...(**व्यवधान**)...

श्री जीवन राय : हम आठ बजे के बाद नहीं बैठेंगे । ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): Let all the speakers speak, but the Treasury Benches should not insist on us to sit beyond 8 o'clock.

श्री हंसराज भारद्वाज(मध्य प्रदेश): अहलुवालिया जी, आप अपनी बात बोलें । ...(**व्यवधान**)... You are such a senior Member. Why are you bringing Amanulla Khan on our records?

SHRI S.S. AHLUWALIA : It is part of a conspiracy and it is already in the record. ... *(Interruptions)*...

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ: This is insult to the House. ... *(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA I have said that it is already on the record because, during your time, it was raised in this House. ... *(Interruptions)*...

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ: I am only suggesting to you something, in your interest. Why are you bringing in Amanulla Khan? We do not know this fellow, but you are giving credibility by reading from the book. It is for your Government to say. We do not have many differences on Kashmir issue. ... *(Interruptions)*...

SHRI *S.S.* AHLUWALIA: Today, you can say that you do not know this man. You have forgotten that your Minister and your Government have d iscussed and negotiated with them. ... *(Interruptions)*...

SHRI HAN, SRAJ BHARDWAJ : I am not a person like you who says, "My Ministry, your Ministry, etc." It is a question of the country. Yesterday, you wer e with us. But now you are having a different philosophy.

THE DEPUT Y CHAIRMAN : Let us not go into any discussion. The Home Minister w ill reply to whatever the Members are raising in this House. He is competent enough to reply. I have gone through the record. Yes; Mr. Ghulam Nabi Azad did take 45 minutes. He should have taken 25 minutes. As the initiator of the debate, we always give that much time to the Member. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA According to the rule book, it is seven minutes for the initiator and the rest of me people can get five minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN I am talking about conventions. So, when we are talking about conventions, generally, the initiator takes more time. Anyway, I am giving you enough time. Please try to speak within that time and conclude.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : महोदया, मैं डाक्यूमेंट पढ़कर बताना चाहता हूं …(**व्यवधान**)…

THE DEPUTY CHAIRMAN : Somebody's telephone is ringing. If anybody's telephone rings in the House, I am going to confiscate it. Please go out and speak in the lobby. We must abide by the rules which we have made. Yesterday, I heard a ring from that side; today it is coming from this side. Let us have some discipline in the House.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : उपसभापति महोदय, पाकिस्तान का षडयंत्र सिर्फ आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर इधर भिजवाने का ही नहीं है। उन्होनें इस षडयंत्र के तहत "ऑपरेशन टोपेक" के तहत कहा था कि हम वहां पर, कश्मीर में राजनैतिक नेताओं को, राजनैतिक बल भी दिलवांए, समय पर उसका प्रयोग भी करें और अपने काम में उनको मदद भी लें। मैं यही बात कहना चाहता था और यह हमारे सामने आई भी है। चरारे-शरीफ की घटना क्यों घटी ? हजरत बल में क्या हुआ ? हजरत बल में जो लोग पकड़े गए वे कौन थे ? किन देशों के थे ? क्या आज के अफगानिस्तान, सुडान या तालिबान के लोग हैं ? नहीं, उस वक्त भी यही लोग थे। और यह इन चीजों से जाहिर होता है। जिया-उल-हक ने कहा था कि हम अभी मशगूल हैं अफगानिस्तान की लडाई में, वहां की जंग में, ट्रेनिंग देकर वहां टेरेरिस्ट भेजे जा रहें थे। जब वहां से फ्री हुए तो यहां भेज दिए। लेकिन यह काम चलता रहा, निंरतर चलता रहा। महोदया, हमारे पूर्व वक्ता ने कहा कि जब भी कभी मौका लगा हमने कोई न कोई रास्ता निकालकर, वहां जाकर पहल की। चाहे वे नेहरू जी हों इंदिरा जी हों, राजीव जी हों, सबने जाकर पहल की और उसे सोल्व किया। मैं समझता हूं कि 1947 के बाद हिंदुस्तान की हुकूमत और हिंदुस्तान के सरकारी अफसरानों में बहुत सारे कश्मीरी अफसर थे जो उच्च पदों पर पदासीन थे। यहां तक कि उस वक्त के प्राइम मिनिस्टर के एडवाइजर भी कश्मीरी थे। लेकिन उसके बावजूद भी एक छोटा सा जख्म, एक छोटी सी फुंसी किस तरह नासूर बनकर उभरी, यह देखने लायक है। महोदया, यह बात सही है जो गुलाम नबी जी ने कही कि यह डिच एंड डेविल का रिश्ता है। परंतु यह डिच एंड डेविल का रिशता एक दिन में नहीं बना है। यह डिच एंड डेविल का रिश्ता उसी दिन बन गया था जब सौहुपर की घटना हुई थी। जब आंतकवादी घर पर आये, खाना खिलाया गया, दूसरे दिन आकर आर्मी पकड़कर ले गई। जब आर्मी सुबह आई, जिस-जिस के घर गई, दूसरे दिन उनके सारे के सारे मैम्बर्स को आतंकवादी उठाकर ले गए। हम प्रोटेस्ट नहीं कर सके। हम यह दोष सरकारों को न दें। हमें यह जानने की कोशिश करनी चाहिए कि जो चक्रांत पाकिस्तान में, इस्लामाबाद में बैठकर रचा जा रहा है, हमारे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ उसके बारे में हमारी सोच क्या है ? हम उन्हें कैसे रोक सकते हैं ? यह बात सही है कि कश्मीर हमारे देश का एक ऐसा राज्य है जो छह महीने बर्फ से ढका रहता है, छह महीने लोग काम करते हैं, मेहनत करके रोटी कमाते हैं और छह महीने बैठकर खाते हैं। छह महीने बैठकर कशीदें का काम करते हैं। छह

महीने का सरअंजाम उन्हें छह महीने के लिए जमा करके रखना पड़ता है, रसद जमा करके रखनी पड़ती है । वैसे हालातों में उन्हें जिन चीजों की जरूरत थी , कम्युनिकेशन की, सड़क की, टेलीफोन की, रेल लाइन पहुंचाने की, हवाई जहाज तथा हैलीकॉप्टर सर्विस की, ये सारी अभी तक क्यों नहीं पहुंच सकी ? इसका क्या कारण है ? हमने क्यों यह मान लिया कि साहब, शुरू से हमारी एक कमी थी? कहतें हैं कि प्राइम मिनिस्टर जब किसी राज्य से खड़े होते हैं तो उस राज्य में खुशहाली आती है पर मुझे इस बात का जवाब कांग्रेस में रहतें हुए आज तक नहीं मिला कि पंडित जवाहर लाल नेहरू कश्मीरी पंडित थे फिर भी उन्होनें कभी ऐसी सोच क्यों नहीं बनाई कि कश्मीर से लोक सभा का चुनाव लड़े । हो सकता है कि अगर कश्मीर से पंडित जवाहर लाल नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी चुनाव लड़ती तो शायद आज जो कश्मीर में प्राब्लम है वह नहीं होती ।

श्री राजू परमार : आज बोल रहे हो । ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं तो कह रहा हूं कि कांग्रेस में रहकर भी सोचता रहा । ...(**व्यवधान**)...

श्री राजू परमार : आज बोल रहें हो आप ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : और तो और हमारे गुलाम नबी भाई भी, अगर वे वहां से चुनाव लड़ लेते —लेकिन वह भी महाराष्ट्र चले गए और महाराष्ट्र से पहली बार राज्य सभा में आए । ...(**व्यवधान**)... मैं तो बंगाल में पैदा हुआ हूं और बिहार में रहता हूं । दिखने में सिख जरूर हूं ...(**व्यवधान**)... मेरा देश तो स्यालकोट पाकिस्तान में चला गया और स्यालकोट से किसी दिन मैं चुनाव लड़ लूंगा । ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति महोदय, आज लश्करे तोयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और ऐसी ही कितनी संस्थायें हैं जो सरे आम जन्म ले रही है । उनकी आखिर कौन मदद कर रहा है ? किस से मदद लेकर ये आज हमारे देश को कमजोर करने में लगे हुए हैं ? यह वही डिजायन काम कर रहा है जिस तरह से हमने अपने सिख भाइयों को अफगानिस्तान में देखा । अफगानिस्तान का काबुली वाला सारी दुनिया वालों को कर्ज देता है पर अफगानिस्तान का काबुल एक ऐसा शहर है जहां सिख काबुलियों को कर्ज दिया करता था । पर जिस दिन तालेबान का राज आया तो उन्होनें सबसे पहले गैर मुस्लिम जमात को वहां से निकाल बाहर किया और आज जो घटनायें घट रही हैं, सौहपुर की घटना हुई, बारामूला में घटनायें हुई, अनन्तनाग में घटनायें हुई, तब हमारे गुलाम नबी आजाद साहब दौरे पर थे । हमारे दूसरे मित्र भी मंत्री के रूप में दौरे पर जाते रहे । आप तो गांवों में, देहातों में घूम लेते थे लेकिन दूसरे मंत्री महोदय

को अगर चश्मेशाही से फुर्सत मिल जाती तो कुछ काम होता । यह चश्मेशाही एक ऐसी जगह है जहां बैठकर ही सारे फैसले हो जाते हैं । चश्मेशाही एक ऐसी जगह है जो हर तरह से बची हुई है । ...(**व्यवधान**)...

मौलाना अबैदुल्ला खान आज़मी (बिहार) : घर का भेदी लंका ढाए ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : उपसभापति महोदय...

उपसभापति : आप जरा चश्मेशाही से बाहर आयें तो मैं दूसरों को बुलाऊं ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मेरा कहना है कि इन घटनाओं के बाद वहां हिंदु ब्राह्मण जितने थे वह माइग्रेट कर गए हैं । इस बारे में मेरे से पूर्व वक्ता ने बहुत अच्छी तरह से कहा है । इसके लिए कौन कसूरवार है, किसकी गलती हे? अभी इन्होनें गिनाया कि शेल गिरे थे । तो क्या मेरे पूर्व वक्ता को नहीं मालूम कि हमारे गवर्नर राजभवन छोड़कर मिलेटरी कन्टोनेंट में रह रहें थे, यह किस जमाने की बात है ? इसलिए मैं कहता हूं कि जमाना ना गिनायें । अब एक षड़यंत्र हो रहा है और वह षडयंत्र यह है कि गैर-मुसलमान ज़मात अगर कश्मीर वेली में कोई रह गई है तो वह सिखों की है । उनकी तादाद भी बहुत ज्यादा नहीं है । पर ये आज के सिख नहीं हैं, ये सिख उस वक्त के हैं जब हमारा मटन, अनन्तनाग के पास एक जगह मटन कहलाती है, जिस तरह से लोग प्रयाग जातें हैं,संगम में जातें हैं, वैसे ही मटन मे लोग जाया करते थे । यह हिंदुओं का तीर्थ स्थान था । लेकिन आज मटन में कोई अपने पूर्वजों की पूजा-अर्चना या पिंड-दान करने की सोच भी नहीं सकता । यह उसके लिए ख्वाब हैं, सपना है । उन्हें निकाला । तब सिखों को निकालने के लिए छत्तीसिंहपुरा में जो घटना घटी है, यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण हैं । मैं वहां पर तनी बार गया था । मैने जब उन लोगों से सवाल किये तो एक महिला कहने लगी अहलुवालिया जी हम किस पर विश्वास करें । याकूब नाम का नाम ग्वाला जो रोज़ दूध देता था, जब वह आंतवादियों का हिस्सा बन के यहां आया और हमारे परिवार के नौजवान सदस्यों को गोलियो से भून कर चला गया तो हम किस पर विश्वास करें ? यह जो मुंह को खून लग गया है वहां के लोगों को,उनका यह चक्रात है जिस तरह से तालिबान ने उस इलाके से गैरमुसलमानों को निकाल दिया है, कश्मीर के इलाके से गैर मुसलमान को निकाल देना चाहते हैं । महोदया, हो सकता है इस सदन के बहुत सारे सदस्य कारगिल गये होंगे और उन्होनें कारगिल में जा कर देखा होगा । मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हैं कि मैं वहां सात दिन और सात रातें रहा । कारगिल की ९९.९ फीसदी पापुलेशन शिया है, रोते कलपते हैं, कहतें हैं कि पाकिस्तान से जितनी शैलिंग होती है, वह सिर्फ इसलिए होती है क्योंकि हम सुन्नी नहीं हैं, मुसलमान हम भी हैं । खतरा कश्मीर की सिख पापुलेशन को है और पापुलेशन को भी बना हुआ है । ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : अब शिया सुन्नी का झगड़ा करवाएंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री हंसराज भारद्वाजः गवर्नमेंट किस लिए है, उसको रोको। ...(**व्यवधान**)... भाषण दे रहें हैं ...(**व्यवधान**)...

धम्मा विरियो श्रद्धेय (बिहार): कारगिल में बुद्धिस्ट भी हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : कारगिल में बुद्धिस्ट नहीं है। आप जहां पर हैं, मुझे मालूम हैं। ...(**व्यवधान**)... सिर्फ प्वांइट 10 परसेंट हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी : यह जानना इतना नाजुक मसला है जिस पर अहलुवालिया जी बोल रहें हैं। इतने संमय के साथ कहना बोलना है कि यहां से बाहर जो चीज़ जाए उससे एकता बनी रहे न कि नफरत फैले। इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए ।...(**व्यवधान**)... मुद्दे पर बात करनी चाहिए। जो असली मुद्दा है, उस पर बात करें। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : किस को खतरा है, वह बता रहा हूं।...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी : टाइम का भी कुछ ख्याल करना चाहिए । ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : 50 साल से एकता की बात कर रहें थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी **:** अब आप ऐसी जगह पहुंच गये हैं जहां एकता की सोच आपको नहीं आएगी। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : अहुवालिया जी अब ज़रा...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं राऊंड-अप कर रहा हूं।

उपसभापति : राऊंड-अप कर लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेश पचौरी : वाइंउ-अप हो रहा है या राऊंड-अप हो रहा है ? ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : कह रहे हैं कि राऊंड-अप कर रहें हैं। ...(**व्यवधान**)... अच्छा राऊंड-अप करिये...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैडम ने परमिट किया है, राऊंड-अप कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेश पचौरी (**मध्य प्रदेश**): मैडम, फारसी में कहा जाता है तुखम तासीर, सोबते असर। इसलिए वाइंड-अप के बजाय राऊंड-अप कहना शुरू कर दिया है। यह सब कंपनी का असर है। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सविता शारदा (**गुजरात**): यह मामला इतना सीरियस है, इसकों हंसी में नहीं उड़ाया जाना चाहिए।

श्री सुरेश पचौरी : यह विषय इतना गंभीर है, इस पर गंभीरता से बोला जाए। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैडम, यह बोलते रहेंगे तो मैं भी बोलता रहूंगा। ...(**व्यवधान**)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: This is a very serious matter.

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Madam, instead of referring to the history and instead of creating a problem, let him suggest as to how this problem can be solved.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : महोदया ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : अहलुवालिया जी, आपने काफी समय ले लिया है।...(**व्यवधान**)... Please have order in the House. अहलुवालिया जी, आपने अपने समय से ज्यादा टाइम ले लिया है, दूसरे को भी बोलना है। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : इंटरवेंशन भी देखिए न। मैं तो चुप हो रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : आप ज़रा वाइंड अप करें या राऊंड अप करें जो भी करिये मगर बोलना बंद करिये। जो प्वाइंट है आपने रख दिया है। दूसरे लोग भी बोलना वालें हैं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : उपसभापति महोदया, आज सवाल यह आता है कि कश्मीर पर थोड़ी सी बात कहें तो लोग उछलने लगतें हैं कि इतिहास को मत पढ़ो। जो देश अपने इतिहास को भूल जाता है वह गुलामी की कगार पर चढ़ रहा होता है। इतिहास को भूलना नहीं चाहिए।...(**व्यवधान**)... वे बदलने ही तो आए हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद : इसी लिए तो कान्स्टीट्यूशन रिव्यू हो रहा है ...(**व्यवधान**)...

]

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please take this matter seriously. The life of hundreds and thousands of people, the life of millions of people is«ivolved. It is a question of the country. Let us rise above every political consideration and try to make a speech which is of a level. This is applicable to everyone; this is not applicable to Mr. Ahluwalia alone. I request that we should discuss the matter in all seriousness with which the hon. Chairman has allowed it to be discussed. The Home Minister is sitting here. I am sure, he is very keen to get your viewpoint to solve the problem. Let us not talk about history. ये हिस्ट्री बना रहें हैं, वे हिस्ट्री बना रहें हैं Let us go to the bare facts and let us find a solution for it, and I am sure, the Home Minister is keen to get your views.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : महोदया, मैनें यह बात नहीं कही कि इतिहास पढ़ा रहा हूं। मगर किसी भी चीज के लिए इतिहास जानना बहुत जरूरी होता है। डाक्टर के पास जाइए...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : नहीं, वे लोग भी इतिहास की बात कर रहें हैं, आप भी कर रहें हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : किसी डाक्टर के पास मरीज जाए तो उसकी हिस्ट्री वह पहले पूछता है उसके बाद इलाज करता है ...(**व्यवधान**)...

श्री राजू परमार : शार्ट में बता दें इतना लम्बा नहीं।

उपसभापति : अच्छा, अब सब लोग खामोशी से उनका भाषण खत्म होने दीजिए। आप डिस्टर्ब करेंगे Then I won't be able to stop him, please जब आपका समय आएगा तो आप बोलिएगा। उनका समस खत्म होने वाला है।उनको खत्म करने दीजिए।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : उपसभापति महोदया, कश्मीर के उस पार पाकिस्तान की फिर तैयारी है। खबर है कि ढाई से तीन हजार विदेशी आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर तैयार रखा गया है। जैसे ही बर्फ गलनी शुरू होगी, गर्मी पड़ेगी वे भारत की सीमा को क्रास करने की कोशिश करेंगे। उकसे बारे में सरकार क्या करेगी ? सरकार कौन कौन सी कार्यवाही कर रही है ? सबसे बड़ी बात है महोदया कि नौजवान का हाथ जब बेकार होता है, हाथ में जब कुछ नहीं होता है तो लोग उस हाथ में कुछ पकड़वाने की कोशिश करते हैं। कोई बम का गोला पकड़वा देता है कोई ग्रेनेड पकड़वा देता है, कोई एके-47 पकड़वा देता है, कोई कुछ पकड़वाकर देश को कमजोर करने की कोशिश करता है, देश को तोड़ने की कोशिश करता है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Ahluwaliaji, please, this is my last request to you. Please sit down. I have to leave the Chair because the Maldivian Delegation is waiting for me. I will come back as soon as the meeting with them is finished . आपका समय से ज्यादा हो गया है ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं क्वेश्चन कर रहा हूं खाली अभी।

उपसभापति : नहीं, मगर क्वेश्चन आप पहले कर लेते ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं क्वेश्चन कर रहा हूं । I am putting questions only.

उपसभापति : दो चार क्वेश्चन्स करके आप बैठ जाइएगा ...(**व्यवधान**)... नहीं बिल्कुल नहीं करना है । मेरे होने तक बिल्कुल कंटीन्यू करना है, मेरे जाने के फौरन बाद बंद करना है और हमारे वाईस चेयरमैन साहब को हैरान मत कीजिएगा ।

[**उपसभाध्यक्ष** (**श्री सुरेश पचौरी**) **पीठासीन हुए**]

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मैं बता रहा था कि करीब ढाई सौ तीन हजार लोगों को ट्रेनिंग दी जा रही है । वे इंतजार कर रहें हैं बर्फ के पिघलने का और हमारे यहां पर उनकी ऊधम मचाने की शुरूआत होगी । मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार उनसे सख्त, कड़े हाथ से निपेटगी । हर संभव कोशिश की जाएगी कि इनका एक भी आदमी, एक भी ट्रेन्ड आदमी भारत की सीमा पार कर भारत में आकर अपना तांडव नृत्य न कर सके । सबसे बड़ी जो प्राब्लम मैं वहां बता रहा था वह कि हाथ खाली हो तो कुछ न कुछ औजार पकड़वा दो । बेकारी की समस्या बहुत है । कश्मीरी यूथ बेकार बैठा है । वैसे तो 6 महीने बाद जब यह बर्फ पिघलती थी तो अपने कंधे पर शाल और चादरें लादकर सारे हिंदुस्तान के कोने में जाता था और कश्मीरी कपड़ा या कश्मीरी सामान बेचा करता था । पर पिछले 20-30 वर्षों से हमने देखा है कि उन काश्मीरियों पर भी अब बाहर वाले भी कोई ऐतबार नहीं करते । अगर वह सामान बेचने आता है तो उसको डर के मारे घर में घुसने नहीं देते हैं । किसी बाजार में उसको दुकान नहीं लगाने दी जाती । विभिन्न राज्यों में उनको विभिन्न नज़रों से देखा जाता है । यह जो उनका इमेज बन गया है इस इमेज को चेंज करने की जरूरत है । कश्मीरी यूथ को नेशनल मेनस्ट्रीम में लाने के लिए क्या-क्या पहल सरकार करेगी, कैसे उनको मेनस्ट्रीम में लायेगी ? वहां आम देखा गया है कि कश्मीर के मुख्य मंत्री कश्मीर के मंत्री और मेरे ख्याल से शायद हमारे जो वहां के मेंबर आफॅ पार्लियामेंट हैं जनाब गुलाम नबी आजाद साहब भी जब कश्मीर जातें हैं तो वह भी कश्मीर पुलिस की सैक्योरिटी नहीं लेते । उन्होनें रिटन हिदायत दी है कि

मुझे कश्मीरी पुलिस की सिक्योरिटी नहीं दी जाए । ऐसा क्यों हैं ? स्टेट पुलिस की सैक्योरिटी से आपका एतबार अगर उठ गया है, विश्वास उठ गया है तो उसका क्या कारण है ? अगर यह कारण है कि उनसे आपका विशवास उठ गया है तो वहां की जनता कैसे उस पर विशवास करें ? आप उस विश्वास को कैसे बहाल करेंगे ? यह कश्मीर की सरकार,राज्य सरकार का काम है । राज्य सरकार को वहां पर कंफीडेंस रेस्टोर करने की बात करनी है । केन्द्र सरकार क्या उनको कंफीडेंस में लेकर लोगों का जो लॉस्ट कंफीडेस हैं, लोगों का जो लॉस्ट इन्टरेस्ट हैं, क्या उसको रेस्टोर करेगी ?

उपसभाध्यक्ष महोदय, पहले माना जाता था कि अपने दुश्मनों की रॉकेट की ताकत या बम की ताकत या तोप के गोलों की ताकत का अंदाजा करके बॉर्डर एरिया पर कोई इंडस्ट्री नहीं लगाई जाती थी, कोई बड़ा प्रोजैक्ट नहीं लगाया जाता था, क्योंकि दुश्मन उसको खत्म कर सकता था । परन्तु अब तो जब से तीन हजार माइल, चार हजार माइल, पांच हजार माइल की मिसाइल्ज़ आ गई है तब से यह डर सब को है कि दुश्मन का मुल्क हमारे डीप साउथ की भी किसी ऑर्गेनाइजेंशन को, किसी संस्था को, किसी प्रोजैक्ट को आसानी से नष्ट कर सकता है । तो उन चीजों को भूल कर इंबैलेंसेंज़ जो हुए हैं, डवेलपमेंट इंबैलेंसेज जो हुए हैं, उसको अगर हम ध्यान में रखें तो ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): प्लीज़, कन्क्लूड ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : कश्मीर के इलाके में जो डवेलपमेंट इंबैलेंसेज़ हैं उसको हम कैसे सुधार सकेंगे ? सब से बड़ी बात माइग्रेशन की हुई है । पहले कश्मीर पंडितों का हुआ है । उनको किस तरह से किस स्कीम के तहत हम वापस ला कर उनकी प्रॉपटी वापस दिलायेंगे? मेरे पास बहुत सारी चिट्ठियां हैं जो वहां के सिख अल्पसंख्यक लोगों ने लिखी है कि 1988, 1989, 1990 में जबरन उनकी जमीनें, जबरन उनके खेत, जबरन उनके बाग, जबरन उनके मकान लिखा लिए गए । क्या यह सब हम उन्हें वापस दिला सकते हैं, क्या इस पर कोई कार्यवाही हो सकती है। ? महोदय, जब तक हम वहां की जनता, जो भारत का अंग है और वे भारत के नागरिक हैं, उनके मन का आत्मविश्वास नहीं जगायेंगें तब तक शायद हम कश्मीर को एक सशक्त राज्य के रूप में उभार नहीं सकेंगें । पैरा मिलिट्री फार्सेस ने, आर्मी ने अपनी जान को जोखिम में डाल कर वहां पर कदम उठाए हैं और वे भी हम लोगों की तरह ही आदमी हैं । वहां की टोपोग्रॉफिकल कंडीशंस ऐसी हैं कि कब किस तरफ से अटैक हो जाएगा यह किसी को मालूम नहीं होता । मैं उन फिगर्ज़ को कोट नहीं करना चाहता कि कितने आंतकवादी मारे गए और कितने हमारे सैनिक मारे गए या कितना असला पकड़ा गया है,पर एक बात निश्चित है कि यह पाकिस्तान का चक्रांत हैं, पाकिस्तान

का षड़यंत्र है, पूरे सदन को और सरकार को इसमें एकजुट हो कर इस षडयंत्र को एक्सपोज करके खत्म करने की जरूरत है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : अहलुवालिया जी, कन्क्लूड करिए। आपके 45 मिनट हो गए हैं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा ...(**व्यवधान**)...

मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से एश्योरेंस चाहूंगा कि इस मसले के लिए टाइम-फ्रेम कितना है ? कश्मीर का मसला जो खासकर वहां के नौजवानों से जुड़ा है, वहां के अल्पसंख्यकों से जुड़ा है, उस के हल के लिए क्या टाइम-फ्रेम हैं ? वहां के लोगों का ट्रस्ट रिस्टोर करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ? धन्यवाद।

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा(बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, कश्मीर जो कभी फूल की जमीं थी, उस की घाटी, फूल की घाटी थी, आज वह शूलों की घाटी और शूलों की जमीं बन गयी है। कश्मीर की समस्या से आज सारा देश चिंतित है और कोई भी सरकार वहां की समस्या को हल करने के लिए, वहां की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जो भी कदम उठाएगी,उस का सारा देश स्वागत करेगा, सारा देश उस के साथ रहेगा। इस बात से देशभर में किसी को कोई संदेह नहीं है। महोदय , अभी जो सरकार है, उस से भले ही हमारा मतभेद हो सकता है, लेकिन यह सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम समझते हैं कि हम और सारा देश उस के साथ रहेगा। अब देखना यह है कि यह सरकार सही कदम उठा पाती है या नहीं।

महोदय, मैं अहलुवालिया जी की तरह इतिहास में बहुत दूर तक नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि पिछले एसेंब्ली के चुनाव ने एक माहौल पैदा किया था, वहां के लोगों में विश्वास पैदा किया था। चुनाव को ऐलान होते ही,पुरे देश की बात छोड़ दीजिए, कश्मीरी जनता सरकार के उस डिसीज़न के साथ हो गयी थी और यह बात भी सरकार मानेगी कि चुनाव के बाद की स्थिति ने वहां आतंकवादियों को पीछे ढकेल दिया था।

अगर मंत्री जी ऐसा नहीं मानते तो कहें कि नहीं ढकेला था, लेकिन इतिहास गवाह है कि आतंकवादियों को पीछे ढकेलो गया था और उस स्थिति में बहुत कुछ किया जा सकता था जिस के चलते आज हम कुछ और समस्या की यहां बात कर रहे होते । लेकिन फिर स्थिति ज्यों-की-त्यों बन गयी । ऐसा क्यों हुआ ? इस का जवाब इस सरकार के पास क्या है ? नेशनल कांफरेंस ने इस एसेंब्ली के चुनाव ऑटोनोमी के सवाल पर लड़ा था, लेकिन क्या इतने दिनों में ऑटोनोमी मिल गयी ? क्या जनता की उस आकांक्षा को पूरा किया गया ? नहीं । उस के लिए कमेटी बनी और उस के जो पहले चैयरमेन बने, वह उस कमेटी से अलग हो गए । उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी । महोदय, जब हम उस कमेटी की रिपोर्ट पर बहस करेंगे तो पाएंगे कि यह सरकार भी उस से सहमत नहीं होगी जिस में पहले चैयरमेन के जाने के बाद से एक ही आदमी के सारे लोग भर लिए गए थे जिस की चर्चा उस समय भी हुई थी । महोदय, उस कमेटी ने जैसा काम किया, मैं चाहंगा कि माननीय मंत्री जी अपना जवाब देते समय उस पर भी कमेंट्स दें । हालांकि चुनाव के बाद स्थिति में सुधार आया था, लेकिन उस के बाद आज इस बात की चर्चा है कि यह करप्सन रेम्पेंट हैं और विकास कार्यों की स्थिति दयनीय है । क्या वहां जो वित्तीय अनियमितता है, करप्शन है और विकास कार्य जिस तरह से ठप्प होने की कगार पर हैं,उस स्थिति को सुधारने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से क्या पहल हुई हैं या इस मामले पर आप इसलिए चुप हैं कि जिस पार्टी की वहां सरकार है, उस का समर्थन लेकर आप यहां अपनी सरकार को कायम रखना चाहतें हैं । इस मामले पर भी स्पष्टीकरण आना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपने पूर्व-वक्ता की सारी बातों का समर्थन करता हूं और मेरा मत है कि वहां की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार वहां के लोगों को अपने कांफिडेंस में ले । पाकिस्तानी घुसपैठियों से कश्मीर आतंकवादियों को अलग कर के उन्हें विश्वास में ले और इस के लिए जरूरी है कि वहां की जनता की आकाक्षांओं को पूरा किया जाए क्योंकि यह किए बिना कुछ नहीं हो सकता । महोदय, दूसरा मुद्दा मैं लेना चाहता हूं कि हाई जैकिंग के बाद और कुछ आतंकवादियों को जेल से छोडने के बाद जब यहां चर्चा हुई थी , मैने पूछा था एक प्रश्न के संदर्भ में तो गृह मंत्री जी ही थे जिन्होनें उस वक्त जवाब देना मुनासिब नहीं समझा था । मैनें पूछा था कि हमारी आंतरिक कमजोरियां क्या हैं ? उन्होनें सिर्फ इतना कहा था कि सबको मालूम हैं । उन आंतरिक कमियों की तरफ मैं इशारा करना चाहूंगा और कुछ सजेशन्स देना चाहूंगा । 1997 में जब तत्कालीन प्रधान मैं इशारा करना चाहूंगा और कुछ आतंकवादियों से बातचीत करने की, चर्चा करने की पहल की थी तो उस समय प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा, माननीय सदस्य ने प्रश्न उठाया था और कहा था कि इस बातचीत की पहल से हमारी सेना का मनोबल गिरा है, वहां की सरकार का मनोबल गिरा है और वहां की जनता का मनोबल

गिरा है, लेकिन हाई जैकिंग के बाद जब हमने आंतकवादियों को जेल से रिहा करके उनको उनके असली मुकाम पर पहुंचा दिया जहां से वे पाकिस्तान जा सकते थे, कहीं और जा सकते थे, तो मैं जानना चाहता हूं कि इससे सेना का मनोबल टूटा या नहीं, वहां की सरकार का मनोबल टूटा या नहीं और जनता का मनोबल टूटा या नहीं ? हम यह स्वीकार करेंगे कि वह स्थिति ही ऐसी थी कि आपको करना पड़ा, लेकिन उससे मनोबल टूटा या नहीं, उससे हमारे अर्द्ध सैनिक बलों का मनोबल टूटा या नहीं, जनता का और सरकार का मनोबल टूटा या नहीं ? उनका मनोबल तोड़ने के लिए आपकी कई कारगुज़ारियां काफी है और इसलिए वहां स्थिति बिगड़ती गई ।

एक और बात की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा कि हम चाहेंगे कि आप अविलम्ब उस समस्या के निदान का उपाय करें । मैनें अभी सेना का मनोबल गिरने की बात कही । हमारे सी.आर.पी.एफ. के 30,000 परसोनल कश्मीर में हैं और उनकी वहां भूमिका है और कारगिल को लेकर जो समिति बनी थी उसने अपना कमेंट दिया एक पैरा में कि आतंकवदियों के, घुसपैठियों के हथियार इतनी उन्नत किस्म के हैं कि हमारें अर्द्ध सैनिक बलों के पास वे हथियार नहीं है जिससे कि वहां सेना को जाना पड़ा और कमेंट हैं, उपसभाध्यक्ष महोदय, कि सेना की भूमिका अर्द्ध सैनिक बल की हो गई और अर्द्ध सैनिक बल इतने निहत्थे थे कि उनकी स्थिति, उनकी भूमिका साधारण पुलिस की हो गई । मैं जानना चाहता हूं कि उनको इस स्थिति से उबारने के लिए आपने क्या किया है ? इससे भी गंभीर बात यह है कि जिसकी तरफ हम आपको इशारा करना चाहेंगे कि जो हमारे अर्द्ध सैनिक बल वहां पर आतंकवादियों से जूझ रहें हैं उनकी ट्रांसफर और पोस्टिंग के बारे में अभी तक आपकी कोई नीति समझ में नहीं आती है । शिकायतें मिलती हैं कि हार्ड एरिया में हैं यानी जो आंतकवादियों से जूझ रहें हैं, उस एरिया में हैं, वहां से फिर उनको नार्थ-ईस्ट रीज़न में उसी काम के लिए भेज दिया जाता है । होना यह चाहिए कि जो कुछ काल तक आंतकवादियो से कश्मीर में जूझने के लिए वहां से उनको जाना है तो कुछ दिन वे पीस एरिया में रह लें और फिर उनको वहां से दूसरी जगह भेजा जाए । ऐसा न करके उनको हार्ड एरिया से हार्ड एरिया में भेजा जा रहा है और सबसे गंभीर बात तो यह है कि जो पीस एरिया में हैं वे निरंतर पीस एरिया में ही है । दिल्ली में जो इस बल के सबसे बड़े अधिकारी हैं,ए.डी.आई.जी. रैंक के जो अधिकारी है, वे 15 साल से दिल्ली में जमें हुए हैं और 3 साल के लिए भी कश्मीर में नहीं गए । मैं यहां उनका नाम नहीं लेना चाहता, पोस्ट ही काफी है । ऐसे कितने ही आफिसर हैं दिल्ली में जो दिल्ली से बाहर कुछ समय के लिए जाते हैं और फिर दिल्ली में आ जातें हैं- दिल्ली से पीस एरिया से पीस एरिया में और फिर वहां से दिल्ली आ जातें हैं और इस तरह से 11 ए.डी.आई.जी. रैंक के 11-12 कमांडेंट रैंक के ऐसे अधिकारी दिल्ली में हैं जो दिल्ली से कुछ

अदल-बदल और अदल-बदल से फिर दिल्ली में रह रहें हैं और उनकी कारगुज़ारियां ऐसी हैं कि वे जो ट्रांसफर और पोस्टिंग कर रहें हैं, शिकायतें आ रही हैं. कि वे कम्युनल आधार पर ट्रांसफर और पोस्टिंग कर रहें हैं, जबकि हमारी एन्युअल रिपोर्ट में हैं कि सी.आर.पी.एफ. एकदम धम्रनिरेपक्ष आधार पर चलने वाला अर्द्ध सैनिक बल है । देश के विभिन्न कौनों से, विभिन्न जातियों को उसमें रिप्रेजेंटेशन है और उनकी ट्रांसफर और पोस्टिंग कम्युनल आधार पर होगी तो उनकी ऐफिशिएंसी कहां तक रहेगी, नहीं रहेगी । आपको मालूम है कि एक बडे अधिकारी की चेयरमैनशिप में अफसरों का एक ऐसोसिएशन खड़ा हो गया, उस जगह से खड़ा हुआ, जहां सी.आर.पी.एफ . का जन्म हुआ था.... गृह मंत्री जी के हस्तक्षेप से उसे भंग करना पडा । हम यहां आंतरिक सुरक्षा की बात कर रहें हैं लेकिन सुरक्षा को सुरक्षित करने वाली जो हमारी सी.आर.पी.एफ. जैसी महत्वपूर्ण आतंरिक एजेंसी है, उसके अंदर अधिकारियों के चलते इस तरह के अंसतोष हों, यह ठीक नहीं है । इससे उनकी ऐफिशियेंसी खत्म होती है । मैं समझता हूं कि कश्मीर में अर्ध सैनिक बलों की ऐफिशियेंसी बढ़नी चाहिए और उन्हें उम्दा हथियार देने के साथ-साथ उनकी जो समस्याएं हैं, उनका निदान किया जाना चाहिए । महोदय, ट्रांसफर पोस्टिंग की एक निश्चित पालिसी गृह मंत्रालय तैयार करें और उसको अपने हाथ में ले । महोदय, यह सही है कि किसी एक के ऊपर इलज़ाम नहीं मढ़ा जा सकता और हम यह उम्मीद भी नहीं करते कि छूमंतर में कश्मीर की समस्या हल हो जाएगी लेकिन जो हमारी आंतरिक कमजोरियां है, जिन पर हम नियंत्रण कर सकते हैं, उन पर हमें नियंत्रण करना ही चाहिए । हम उन पर निंयत्रण पा सकेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं हैं बशर्ते कि उस समस्या का सही ढंग से ऐसेस्मेंट किया जाए और जो तरीका अपनाने के लिए कहा जाए, वह अपनाया जाए और जो उपाय बताएं जांए, उन पर अमल किया जाए ।

महोदय, हमारे प्रथम वक्ता श्री गुलाम नबी आजाद जी ने सुझाव दिया कि कश्मीर के उसे इलाके के जो सांसद हैं, चाहे वे कहीं से भी चुन लिए गए हैं, उनकी इसमें भागीदारी होनी चाहिए । मैं समझता हूं कि अहलुवालिया जी का कमेंट सही नहीं था जब उन्होनें कहा कि वे कहां से चुने गए हैं ? मुझे समझ नहीं आया कि वे क्या कहना चाहते थे । यह तो हम पर लानत हैं कि हमने ऐसी स्थिति वहां बनने दी और उसको सुझाव दिया कि जो सांसद वहां की समस्या को जानतें हैं, उससे जो रूबरू हो रहें हैं, जूझ रहें हैं, जिनके भाई और बंधु वहां मारे गए हैं, जिनकी आंखों में आंसू है और आज तक समस्या का निदान न होने से जिनकी आंखों से आंसू बह रहें हैं, जिनकी छाती छलनी है ऐसे सांसदों और जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर गृह मंत्रालय और इस सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि किस तरह से हम इन

लोगों को कान्फिडेंस में लें।

महोदय, अंत में मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि चाहे जैसे भी हो, किसी भी तरह हमें वहां के लोगों को कान्फिडेंस में लेना चाहिए और वहां की जो भी समस्या है, उसका निदान निकल सके, ऐसे उपाय करने चाहिए और इस संबंध में मानीनय गृह मंत्री जी को एक घोषणा करनी चाहिए। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा समय नहीं लुंगा, मैं अपने दूसरे साथियों के विचारों को भी सुनना चाहूंगा। इसलिए अब मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। धन्यवाद।

DR. ARUN KUMAR SARMA (Assam):Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity. The problem in Kashmir is a long-standing problem, and at various points of time, a number of packages have been announced. I do hope, there will be a political solution to this long-standing problem. Sir, on the question of autonomy, a special status for the Kashmiri population has been one of the major propaganda of the various outfits. Now, this issue has not been properly addressed. Sir, there is an impression in the entire country that a special constitutional provision for Kashmir was enough to save this part of our country. But, in a real sense, as the initiator of this Motion, Ghulam Nabi Azadji, said, the major root cause of this is the unemployment problem. The militant outfits recruit a number of young boys and girls. They are being apprehended and, while searching for them, quite a number of innocent people, innocent families, are subjected to harassment. In such a situation, the problem is further aggravated, and our approach towards a military solution could not found to be effective in any part of the region. It was not effective in any part of the North-Eastern Region, leave alone Kashmir. We always tried to bring in Pakistan. Whenever such a situation arises, we say that Pakistan is helping the militants, the ISI's hand is there and, most of the time, we also try to shift the responsibility on to the State Government. Even the present State Government, which is an ally of the Union Government here, is feeling that, since the Government is there, it is their problem. But, in totality, was there any national approach to deal with the problems of the Kashmiris? There needs to be a pragmatic and a concrete action plan which can really heal the wounds of the affected Kashmiri people. The question of communal forces comes afterwards. The first and the foremost route-cause is unemployment among lakhs and lakhs of unemployed youth. When they have no opportunity for appointment in the Government or in any public sector undertaking or in any other private establishment, and even when there is no

room in the tourism sector, which has greatly suffered during the last ten years, the misery of the common people is beyond imagination. The North-Eastern Region was given some hope with various packages. There was also a mention by some of the hon. Members about Jammu and Kashmir, not only today, but even on earlier occasions; they should have been given more economic packages, like the packages that are being given to the North-Eastern Region by the Government. It is absent, We have seen that there is some deficiency in the efforts of the Government. I hope the Union Government will be formulating a specific package for the Kashmiri people so that they do not get recruited by the militant outfits or their emotion cannot be exploited by the militant outfits. Further, a healing approach has to be undertaken by the Indian Government. Harbouring terrorists by the natives is a problem which the North-Eastern Region is also facing. When the army — I have a personal experience — and the paramilitary forces are deployed, they always try to stay back in the urban areas or in good areas where they have good communication and other facilities and good vehicles to travel. Even the armed forces are not able to trace the actual hideouts of the terrorists — leave alone the paramilitary forces - and apprehend them. They try to reach the actual focal points. In that case, after the terrorists leave that particular place, the common man is harassed. It has further aggravated the problem; it has created a disillusion among the youth. Sir, it is very fortunate that the hon. Home Minister has declared that the Government is willing to start the process of negotiations with the militant outfits. But there is also a resentment that why only the militant outfits; why other sections of the Kashmiri people are not taken into confidence, to have a permanent solution. So far as the point of autonomy is concerned, it is a primary issue. It should not be ignored. There should be a special national debate on this issue. For the healing touch, there should be a number of exchange programmes from various States - cultural exchange, economic exchange, training programmes, exchange of students; excursion activities, or similar other facilities should be given to students to come out of the Valley of Kashmir to see the other parts of the country so that they can mix and they can feel at home. Till today, the people of Kashmir and the North-East region have been having a feeling of isolation.

Then, Sir, I hope the Government will take a serious note, so far as the issue of surrender is concerned. The surrender by militants has another dimension. A large number of militants had surrendered in the

North-Eastern region. Many of them were assured of employment at the Government leveL They were also assured of bank loans for self-employment. But it is very unfortunate that there is no specific package for them, except granting of some loans to the surrendered militants. Many of the surrendered militants were utilized by the military and paramilitary forces to apprehend the militant groups.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Please conclude, now.

DR. ARUN KUMAR SARMA: They were not only utilized as an instrument, but, in fact, they were not given proper healing touch, proper help to come to the mainstream, to be a part of the mainstream. For example, the Annual Report of the Ministry of Home Affairs says, "From 1990 onwards, 3683 militants have surrendered till August 24, 1999. These militants had also surrendered a large quantity of arms and ammunitions. The Government of India has approved raising two battalions for the Central Paramilitary Forces which will mainly comprise of these surrendered militants. So far 921 surrenderees have been recruited in these battalions. These surrendered militants will also be covered under the Prime Minister's Rozgar Yojna, or State's self-employment schemes for establishing a permanent source of income. Sir, the Prime Minister's Self-Rozgar Yojna is not serving any purpose. Similar is the experience in the North-Eastern region also. I think, there should be a specific recruitment drive for those surrendered militants so that we can give a proper assurance, a proper guarantee, to those who have already surrendered. With these words, I conclude, Sir. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : अब हमारे पास कुछ अतिरिक्त नाम है जिनके नाम नोटिस में नहीं थे । मैं उन सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि बहुत संक्षेप में वे अपनी बात कहें । श्री जेनश्वर मिश्र ..... अनुपस्थित । श्री मार्गबन्धु ।

SHRI R. MARGABANDU: Sir, keeping in view that the security and the integrity of the Indian nation should be in-tact and keeping the diplomacy at the highest pedestal, on behalf of the AIADMK party, I request the Central Government to take appropriate action to solve this problem. My suggestion would be that an all party meeting can be convened to discuss this problem and to chalk out the ways and means for the solution of this problem. Now, Sir, I am given to understand that

के खिलाफ हम लड़े । आपके हुर्रियत वाले अगर हैं, आपने कहा असेंबली डिसमिस कर दो । कर लो, हम इलैक्शन के लिए तैयार हैं । हम असेंबली डिसमिस कर देंगे । आप इलैक्शन के लिए उनको तैयार करो, अगर उनमें दम हैं । मस्जिदों में मजहबी तकरीरें करना अलग बात है, जमीन पर पब्लिक के सामने हकीकत बर्दाश्त करना अलग बात है, मै आपसे गिला नहीं तो चैलेंज करता हूं, वे आयेंगे हमारे साथ इलैक्शन में तो वे कितने वोट पाएंगें । उस वक्त आप अपने याद-दोस्त ले करके आब्ज़र्वर बनायेंगे और देख लीजिए, कौन जीता है तेरी जुल्फ़ के सर होने तक । ये कहने की बातें अलग हैं । उन्होनें आजमाया है । पचास साल तक हमारे साथ वे लड़े हैं । अब पाकिस्तानी का पल्लू पकड़ लिया । वहां का बंदूक लाया, वहां का ग्रेनेड फैंका । मेरे घर को आग लगा दी । वह अलग बात है । यह फॉल प्ले है । यह कोई जायज़ बात थोडें ही हैं ।

जनाब-ए-होम मिनिस्टर, आपसे गुजारिश है इनके थ्रू और सारे एवान के थ्रू, जैसा इन्होनें कहा मसला पोलिटीकल है, उन्होनें अटोनॉमी की बात की, वह ऐसे पेश किया जैसे कुछ तबाही हो रही है और अटोनॉमी से दो मुल्कों को नुकसान हो रहा है । हम विदड्रा कर लेंगे, कोई अटोनॉमी की जरूरत नहीं है । पहले मुल्क की सालमियत, बाकी बातें बाद में । 1947 से लेकर 1968 तक .....। जब तक बख्शी गुलाम मोहम्मद वहां प्राइम मिनिस्टर थे,उतने दिनों तो आटॉनोमी बहुत चल रही थी वहां उस से कुछ नुकसान नहीं हुआ । अगर आज मुख्तलिफ रीजंस के लोगों को शिकायत है, जम्मू वाले को शिकायत है कि कश्मीर वाले की मुझ पर बालादस्ती है, मैं कहता हूं कि उस को भी अपना अधिकार दे देंगे पावर में । लद्दाख वाले को शिकायत है, उस को कहते हैं आप को भी इंटरनल आटोनॉमी चाहिए और कश्मीर वाले को लगता है कि वह शायद मुझे खा जाएंगे तो उस को भी ऑटोनामी हो ।

उपसभाध्यक्ष(श्री अधिक शिरोड़कर): शरीफ साहब, आप के 5 मिनिट के बदले10 मिनिट हो गए हैं ।

श्री शरीफ-उद्-शरीफ : मैं खत्म कर रहा हूं और यह भी जान लीजिए कि कश्मीर एक सेंजुटा जगह है, मेजॉरिटी मुसलमान रियासत केवल एक है इस देश में और गर्व होना चाहिए इस देश को भी, देशवासियों को भी । जब यहां फिरकावाराना फसादात हो गए तो तास्सुरर जरूर वहां चला जाएगा । उस चीज को खत्म कर दीजिए । खत्म कर दीजिए पुरानी बातें । हम भारत को नया बनांए, बहुत खूबसूरत जेहनतदार भारत और मजबूत भारत बनाने की कोशिश करें जो मजहबी बुनियादों पर और सियासी नारेबाजी पर नहीं बनना चाहिए । ऐसा भारत बनाएं, इन्शा अल्लाह ....**(समय की घंटी)**... और जब तसलसुल से मैं बात करना चाहता हूं तो मेरे पास वक्त नहीं है । हम तसलसुल से बात करें तो 53 में शेख मोहम्मद

अब्दुल्ला को रातों-रात गिरफ्तार कर के जेल में बंद किया गया और कश्मीर में एलिनेशन आ गयी । उन के प्यारे रहनुमा, जिस ने उन के लिए सारी जिंदगी जी थी, दिल्ली में साजिश बनायी और यह चीज भी जमा हो गयी । फारूख अब्दुल्ला की सरकार को मेजॉरिटी होते हुए खत्म किया गया और सारी दुनिया का इल्ज़ाम उस पर लगाया गया, भिंडरावाले से मिलकर साजिश करने तक का इल्जाम उस पर लगाया गया, यह सारे तसलसुलात जब देश में हुए तो मिलिटेंसी के रूप में ब्लास्ट हुए । जब नफरतें आएंगी, जब बेएतबारियत आएगी, जब एतमाद कम हो जाएगा तो यही होना है चाहे कश्मीर हो, चेन्नई हो या और कोई जगह हो । आज मुल्क में रियासत में लोगों के ऐतबार को बहाल करने की जरूरत है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोड़कर) : शरीफ साहब, 5 मिनिट के बजाय 12 मिनिट हो चुके हैं ।

श्री शरीफ-उद्-दीन शरीफः लिहाजा रियासत में इस हाऊस को, इस हुकूमत को वहां की जो मुन्तख़बा सरकार है, उसे पूरा समर्थन देना चाहिए, पूरा विश्वास देना चाहिए, माली पूरी उम्मीद करनी चाहिए ताकि वह तमाम उन शिकायत का इजाला करे जो वहां के नौजवानों की, और लोगों की जो मुश्किलात हैं उन को दूर करें और यकसुई के साथ मिलिटेंसी को खत्म कर दे, मिलिटेंसी के खिलाफ लड़े । उन तमाम सियासी मशविरों को सामने रख ले जो रियासत की ऑटानोमी के सिलसिले में दिए जा रहें हैं । उन पर गौर कर लें, गौर करने मे कोई गुनाह नहीं है ।

मैं आपको मुबाकरबाद देता हूं होम मिनिस्टर साहब, मैं ने अखबार में पढ़ा कि आप ने तीन सेक्रेटरीज की एक कमेटी बनायी है उस रिपोर्ट पर गौर करने के लिए और जैसा कि हुर्रियत कांफरेंस के लोगों के बारे में कहा गया है और इन्होनें इलेक्शन की बात फरमायी कि एसेंब्ली की तोड़ दीजिए । मैं इनकी हिमायत करता हूं वह आएं एसेंबली तोड़ने के लिए और लड़े इलेक्शन हमारे साथ,कर लें हमारी आइन पर एक बार फिर दस्तखत । हमें एतराज नहीं, वह हुकूमत भी चलाएं उन का हक बनाता है। हर हिंदुस्तानी का हक है कि हुकूमत में आ जाए, सत्ता में आ जाए, कुर्सी पर आ जाए । इसमें उनका कोई दोष नहीं है, लेकिन कत्ल और सियासत, इगवा और सियासत, बम-ब्लास्ट और सियासत-ये दोनों शायद इकट्ठी नहीं चल सकती । आखिर में एक शेर अर्ज करूंगा ।

आज वह कश्मीर है महकूमों-मजबोरों फ़कीर,
कल जिसे पहले नजर कहते थे ईराने सगीर ।

खुदा हाफिज़ ।

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोड़कर): धन्यवाद शरीफ जी। मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी। आपके भी 5 मिनिट हैं।

***मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी :** बहुत-बहुत शुक्रिया सर। बहुत हैं 5 मिनिट आप की मेहरबानी। सदर साहब, मसला-ए-कश्मीर पर एक बहुत ही तफसीली और सुलझी हुई बहस, मसाइल को हल करने के लिए पार्लियामेंट में हुई जिस का आगाज मेरे मोहतरम् जनाब गुलाम नबी आजाद साहब ने बड़े सलीके से कर के पूरे मुल्क का एहसास

जगाया है बल्कि मैं यूं कहूंगा कि एक यह ऐसी आजाद नज्म है जिस का उन्वान गुलाम नबी आजाद साहब बने और जिस का बहुत अच्छा शेर शरिक साहब ने ... और जिसका बहुत अच्छा शेर शरीक साहब ने बनकर देशवासियों को अपनी तरफ मुतवज्जह किया है। मैं पांच मिनट में अपने जज्बात का इज़हार भी एक हिंदुस्तानी मुसलमान होने के नाते करना चाहूंगा।

कश्मीर, जिसमें लाल-ओ-गुल की बहार थी

आतंकवाद की वहीं आंधी भी आ गई

झरनों की लय पे गाती हुई चलती थी हवा

रंगे चनार में थी वहीं मौसमों की आग

और केसर की बू में हिंद के इतिहास का सुरूर

उस सरज़मीं पे आज है बारूद का गुरूर

अलगाववाद, खून-खराबे का जोर है

इंसानियत सुलगती है, जहलुम का शोर है

डल झील में अब बर्फ नहीं, सिर्फ खुन है

सरकार ही बताए यह कैसा जुनून है।

---

*Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate

शुक्र है कि कश्मीर के मसले पर बहुत तफसीली बहस हुई , वरना हम लोग यह सारी खबरें रेडियो से, टेलीविजऩ से और अखबारों के जरिए हासिल किया करते हैं । मसाइल जहां तक कश्मीर के हैं, कश्मीरी मुसलमान यकीनन काबिले मुबारिकबाद है जिसने कश्मीरियत को हिंदुस्तान के साथ वाबिस्ता रखने के लिए महाराजा कश्मीर से लेकर हिंदुस्तानी हुकूमत तक अपने ऐतमाद का इजहार हर दौर में किया है । कश्मीरियों ने अपने इस नादिर-ओ-नायाब फैसले के जरिए ने सिर्फ यह है कि कश्मीर की इजाजत हम तमाम हिंदुस्तानियों के दिलो-दिमाग में बढ़ाई बल्कि खुद कश्मीर और कश्मीरियत में, महाराजा कश्मीर से लेकर के मुसलमानों तक सारे राजा और प्रजा की पुरानी कहानियों को सैकुलरिज्म की रवायात में दोहराते हुए हिंदुस्तान के सैकुलरिज़्म को चार चांद भी लगाए । आज जिन मासाइल से कश्मीर के आवाम गुजर रहें हैं, यकीनन वे बड़े हस्सास मसाइल हैं । हिंदुस्तान के साथ उन्होनें जीने और मरने का फैसला किया । इसी मुल्क की मिट्टी में कश्मीरी सुपुर्दे खाक भी होता है, इस मुल्क से अलग होने का कश्मीरी तसव्वुर भी नहीं रखता । शरीफ साहब ने उसके बैकग्रांउड को बहुत तफसील के साथ अपनी तकरीर में बतलाया है. जिससे हम लोग काफी मुतास्सिर भी हुए हैं ।

सर, मैं सिफ दो-तीन बातें कहना चाहूंगा । जहां यह हकीकत है कि कश्मीरी मुसलमान ने पाकिस्तानी मुसलमानों को और पाकिस्तान जैसे देश को छोड़कर हिंदुस्तान के साथ अपनी जिंदगी और मौत को वाबस्ता किया, आखिर क्या वजह है कि आज वही कश्मीर बारूद के ढेर पर खड़ा हुआ है । आखिर क्या वजह है कि कश्मीर में इतनी बड़ी बेइत्मीनानी है कि हमारी विशाल मुल्क् फौज का बड़ा हिस्सा कश्मीर के अंदर लगाए हुए हैं । बार्डर सिक्युरिटी फोर्सिस भी हमारी वहां मुस्तैदी से काम कर रही है, पुलिस भी वहां मौजुद हैं,मगर मरीजें इश्क पर रहमत खुदा की, अर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की । जितना की ज्यादा मसाइल को तय करने की हमने कोशिश की उतना ही ज्यादा हमारे मुल्क के साथ छेड़छाड़ करने में आतंकवादी कामयाब होते चले गए । ये बातें उमूमी तौर पर कही जाती है और सच्चाई भी है कि जब हाथों को काम नहीं मिलेगा तो वे हाथ अपने पेट की आग को बुझाने के लिए कहीं न कहीं से अपने माद्दी सामान को हासिल करने की कोशिश करेंगे । मगर जिन कश्मीरियों का ऐतमाद पर ऐतमाद लोगों को क्यों नहीं हो रहा । बातें बड़ी साफ-साफ कही गई है,इसलिए मैं भी एक बात साफ तरीके से कहना चाहता हूं । मैनें जाड़े के जमाने में देखा है कि उन कश्मीरियों को पकड़कर पुलिस बंद करती है, उन कश्मीरियों को पकड़कर उनकी चादरें उनके सामान छीन लिए जाते है, पटना में भी यह घटना हुई, दिल्ली में भी यह घटना हुई । मैने बहुत बुरी तरीके से इस घटना को महसूस किया है । कश्मीरियों को प्यार के साथ अपनाने

की जरूरत है, कौमी धारा में उन गुमराह लोगों को लाने की जरूरत है जिन लोगों को आज पाकिस्तान ने मुकम्मिल तौर पर ट्रेनिंग देकर , बार्डर के उस पार से अपने आतंकवादियों और हमलावरों को भेज-भेज कर हिंदुस्तान के अंदर अशांति फैला रखी है। जरूरत तो यह थी कि कोई कश्मीरी मुल्क के किसी हिस्से मे जाता,चाहे वह हिंदु होता है मुस्लिम होता, सर, आखिरी बात कह रहा हूं, उस पर ऐतमाद किया जाता , उसके साथ सहानुभूति जताई जाती, उसको अपना बनाने की हर मुमकिन कोशिश की जाती, उसकी रक्षा-सुरक्षा के लिए काम किया जाता, लेकिन ऐसा नहीं होता है। शक के बादल छाते हैं और शक का लहू बरसाया जाने लगता है। इसलिए मैं होम-मिनिस्टर साहब से तकरीर न करते हुस सिर्फ चंद बातें अर्ज करना चाहूंगा। वहां की रियासत गरीब है, सभी लोग जानतें हैं। वहां जो कुछ भी पैसा भेजा जाता है, जैसे और सूबों के लिए हम पैसे आवंटित करते हैं, उसी तरह से वहां भी हम पैसे भेजते हैं, कोई खास मखसूस पैकेज हम वहां नहीं भेजते हैं और वहां के लोगों की इतनी बड़ी समस्या भी नहीं है जितनी बड़ी समस्या बिहार में हैं या यू.पी.में हैं जितनी बड़ी समस्या दूसरे सूबों मे हैं, इसलिए कि उन सूबों में लोग ज्यादा है, वहां अवाम करोडों की तादाद मे हैं और जहां लाखों की तादाद में लोग हों, उनके मसायल को हल करना और ऐसे माहौल में हल करना जब कि एक विदेशी मुल्क पाकिस्तानी उनको उचके लेना चाहता है, कोई मुश्किल काम नहीं है।

महोदय, पाकिस्तान की बुनियाद ही हिंदुस्तान से दुश्मनी पर पड़ी हुई है। पाकिस्तान जिस दिन से आलम-ए-वजूद में आया है,पाकिस्तान का वन प्वाइंट प्रोग्राम है कि हिंदुस्तान में कमजोरी पैदा करो, हिंदुस्तान के लोगों को नफरत के साथ बाटों, इनके अंदर मंदिर और मस्जिद के झगड़े पैदा करों, हिंदु-मुसलमान के झगड़े पैदा करों, हमेशा अदमे-इस्तेहकाम की पोज़ीशन में हिंदुस्तान को रखो और हिंदुस्तान को तरक्की की राहों पर चलने का कोई मौका न दिया जाए। मगर मैं कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान हमारी तकदीर का फैसला करने वाला मुल्क नहीं है। हमारी अवाम ही हमारी तकदीर का फैसला करेगी। पाकिस्तान अगर अदमे-इस्तेहकाम पैदा करता है तो हमें बहुत ज्यादा चौकस होकर मुल्क में इस्तेहकाम पैदा करना चाहिए। हमें बहुत ज्यादा चौकस होकर आपस में तमाम पीपुल्स की इकाइयों को मुत्तहिद करके हिंदुस्तानी की शक्ल में खड़ा करना चाहिए। मगर अफसोस है कि ऐसा नहीं हो पा रहा है।

इसलिए मैं होम-मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि जो पैसा वे वहां भेज रहें हैं, वह पैसा तो वहां की पैरा मिलिट्री फोर्सेज़ के ऊपर खर्च हो रहा है, वह पैसा वहां की पुलिस पर खर्च हो रहा है। वहां की गरीब अवाम के मुंह तक वह निवाला क्यों नहीं जा रहा है ? वहां

के गरीब लोगों तक वह चीज क्यों नहीं पहुंच रही है ? वहां के लोगों की तालीम के लिए रास्ता क्यों नहीं पैदा हो रहा है ? वहां की रोड्य क्यों नहीं बन रही है? महोदय, बर्फ पिघलने के बाद वहां का आदमी किस लाचारी में, मजबूरी में अपनी जिंदगी गुजारता है, उससे आप वाकिफ ही है । इसलिए वहां ज्यादा से ज्यादा पैसे पहुंचाने की जरूरत है ।वहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा ऐतमाद में लाने की जरूरत है । मैं होम-मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि क्या कोई ऐसा रास्ता नही निकाला जा सकता है कि वहां के नौजवानों को गुमराह करने वाले लोग उनके हाथों में बंदूके दे देते हैं, हम उनके हाथों में काम दे दें ? हम पूरे मुल्क में उन कश्मीरियों को फैलाएं । यह केवल एक-दो लाख लोगो का मैटर है । मैं नहीं समझता हूं कि इससे ज्यादा लोगों का मैटर होगा । अगर उनको पूरे मूल्क में आप फैला देते हैं, सारी जमातों के साथ उनकी रोजी-रोटी का हिसाब लगा देते हैं तो यह मसला हल हो जाएगा । हमारे यहां तो दुनिया भर की कंपनियां हैं । अब तो आपकी कृपा से बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी इस मुल्क में अपना काम कर रही हैं । मैं कंपनियों की बात इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि एक ईस्ट इंडिया कंपनी यहां आई थी और पूरे देश का सौदा करके चली गई । खुदा खैर करे, अब तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां आ रही है, मालूम नहीं क्या-क्या होने जा रहा है । बहरहाल, हमें चौकस रहना चाहिए और होम-मिनिस्ट्री को इन सब बातों पर खुसूसी तौर पर नजर रखकर इन तमाम ज़जबात का अहसास करते हुए इसका समाधान निकालना चाहिए । मुझे यकीन है कि होम –मिनिस्टर साहब कोई ऐसा लाहे-अमल जरूर तय करेंगे जिसमें कश्मीरियों को कौमी दायरे में मजबूती के साथ जोड़ा जाए और इस मुल्क में जात, बिरादरी, दीन-धर्म के नाम पर नफरत का खात्मा करते हुए लोगों को खुशहाली की राह पर लगाया जाए । धन्यवाद ।

SHRI SURESH A KESWANI (Maharashtra): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. I won't take much time of the House because I know that you are already short of time. I am not going to repeat most of the things which have already been said here. Everybody has agreed that Kashmir is a very serious issue. Everyone also realises that the Kashmir issue cannot be solved by wars. It cannot be solved by any other means, except through negotiations. We have also categorically said that there shall be no negotiations till such time the kind of measures which are being initiated from across the border are stopped. In other words, we have taken a stand on Kashmir where the situation is just drifting. We are not realising or grasping what the overall scheme is . Our ex-chief of Army Staff said that this was nothing but a proxy war. The proxy war is being fought not only on the border of Kashmir, within that territory, within the State of Jammu and Kashmir, but it has also extended to the North-East. I am

afraid, it is gradually getting into our backwaters. Sir, a situation is developing in Sri Lanka. We know very well that the options which are available to the Sri Lankan forces are either they will get the help of the US troops or the Israeli troops or the Pakistani troops because we have already declared that in view of our past experience we are not going to do what we had done earlier. I would like to know from the Government whether the ban on the LTTE which is expiring on the 14fh May, is going to be extended. If it is going to be extended, when is it going to be extended and for how long? Shri Vaiko has made a statement that the Tamil people in Sri Lanka need to be supported and we must help them establish.... *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Keswani, I am sorry. We are discussing only the Kashmir issue. Please don't enlarge the issue. You cannot refer ..... *(Interruptions).* Please allow me to speak. You have referred to the name of an hon. Member who is a Member of the other House. You cannot do so. Kindly don't enlarge the issue.

SHRI SURESH A KESWANI: Sir, I am making my point. I am not interested in naming any person. I am only saying that in the South we are going to develop a situation where Pakistan may find an opportunity to create another proxy war. This is going to happen there. How is the Government going to respond to this situation? Are we going to support the creation of ....

THE VICE-CHAIRMAN(SHRI ADHIK SHIRODKAR) :Mr. Keswani, please confine yourself only to the problems relating to Kashmir. Don't bring any other issue into it.

SHRI SURESH A KESWANI: Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to point out that the enemy that we have across the border is not content with allowing a situation to rest in the drift.level in which it is today. He is active in other areas. How is the Government going to respond to it? We know it very well.

SHRI T.N. CHATURVEDI (Uttar Pradesh): Sir, these issues can be raised on some other occasion.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR) :Mr. Keswani, please don't digress; otherwise, I will be compelled to see that all

your statements are expunged. Please don't do it.

SHRI SURESH A KESWANI: Mr. Vice-Chairman, Sir, you have always been very kind to me. I am sure you would not do such a thing.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): That is why I said, "I will be constrained to do that."

SHRI SURESH A KESWANI: Sir, the purpose of my raising this issue is onry to bring to the notice of the House the seriousness of the situation . How are we going to address the issue of Kashmir? It is going to have repercussions everywhere. What the Pakistani forces want to do is, they want to fight with us on all the fronts. As somebody has said earlier, proxy war is a reality. We cannot ignore that reality whether it transpires in the North-East or in the Sri Lankan waters. Thank you.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं श्री गुलाम नबी आज़ाद का बहुत आभारी हूं जिन्होनें यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव देकर इस सदन को चार घंटे तक जम्मू-कश्मीर की परिस्थिति पर विचार करने का अवसर दिया। उस दूसरे सदन में तो मांगों पर चर्चा होती है और कई वर्षों बाद गृह मंत्रालय की मांगों पर भी चर्चा हुई थी और वहां पर, चाहे गृह मंत्रालय के दायरे में बहुत सारे विषय आते हैं, अधिकांश चर्चा का केन्द्र बिंदु जम्मू-कश्मीर ही रहा। मैं आभारी हूं उन सभी सदस्यों का जिन्होनें इसमें भाग लेकर – विशेषकर आखिरी में जब श्री शरीफ-उद्-दीन शरीफ बोले और आज़मी साहब बोले तो लगा कि देश को और दुनिया को समझना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर का सवाल हिंदु-मुसलमान का सवाल नहीं है। मैं मानता हूं कि अगर 53 साल की आजादी के बाद भी पाकिस्तान का नज़रिया जम्मू-कश्मीर के बारे में वही है, जो 1947 में था। इसका कारण यह है कि वह देश की आजादी और उसके साथ जुड़ी हुई बातों को हिंदु-मुसलमान के फर्क के अलावा और किसी नज़रिए से देख सकने मे असमर्थ है It is their failure to reconcile with the fact. विफलता है उनकी इस बात से रीकंसाइल करने के लिए कि चाहे विभाजन का आधार अंग्रेजों ने मान लिया हो हिंदु बहुमत कहां है, मुसलमान बहुमत कहां है और चाहे पाकिस्तान ने विभाजन के बाद अपने को एक मज़हबी राज्य घोषित किया हो, हिंदुस्तान ने अपने को मजहबी राज्य घोषित नहीं किया, उसको अस्वीकार किया और उसमें भी विशेषकर जम्मू-कश्मीर की जनता ने मजहबी राज्य की कल्पना को स्वीकार ने करते हुए भारत के साथ अपना विलीनीकरण स्वीकार किया। इस तथ्य के साथ इस ऐतिहासिक सच्चाई के साथ पाकिस्तान रीकंमसाइल नहीं कर पा रहा है और उसमें से ये समस्यांए उत्पन्न हुई हैं।

अब अनेक सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर की समस्या राजनीतिक समस्या है । उसका कोई सैनिक हल नहीं है । हां, सैनिक हल नहीं है,इसमें कोई शक नहीं है लेकिन किसी को इस बात से शिकायत थी कि राजनीतिक समस्या होते हुए भी इसमें सुरक्षा का जिक्र ज्यादा है ।

[श्री सभापति पीठासीन हुए]

यहां एक विचार यह प्रकट किया गया और अनेक सदस्यों ने कहा कि यह राजनीतिक मसला है, it is a political issue, वहां मैनें शंकर राय चौधरी जो कि सेना में रह रहें हैं, उनके इस बयान को भी देखा कि उन्होनें तो इस मोशन पर ही एक प्रकार से अपनी रिजर्वेशन प्रकट की कि आप इस समस्या को इंटरनल सिक्योरिटी के साथ क्यों जोड़ रहें हैं? यह तो एक्सटरनल सिक्योरिटी का मामला है और सही बात है कि जम्मू-कश्मीर के डेवलपमेंट से 1971 के बाद, 1971 से पहले नहीं, 1971 के बाद इंटरनल सिक्योरिटी और एक्सटरनल सिक्योरिटी की सीमा रेखा को लगभग समाप्त कर दिया है । मैं नहीं जानता हूं कि कितनी बार इससे पहले इतनी मात्रा में गृह मंत्री और प्रतिरक्षा मंत्री, गृह मंत्रालय और प्रतिरक्षा मंत्रालय का इतना इंटरैक्शन होता होगा, मैं नहीं जानता हूं । कम से कम मैं इस सरकार में अभी-अभी आया हूं और इन दो सालों में अगर किसी मंत्रालय से सबसे अधिक इंटरैक्शन होता है तो वह प्रतिरक्षा मंत्रालय से होता है, डिफेंस मिनिस्ट्री से होता है । इस सच्चाई को हम समझे, पहचानें और इसलिए 1971 के बाद जो परिवर्तन हुआ है, जो नए आयाम आए हैं,उनको कभी नज़रअंदाज नहीं करना चाहिए ।

हमारे गांधी आज़ाद जब आखिर में बोल रहे थे तो मैं थोड़ा हैरान हुआ । इनके हिसाब से तो आई.एस.आई.की चर्चा करना बिल्कुल फिज़ूल है, दोष तो सारा हमारा ही है । लेकिन मैं चाहता हूं कि इस बात को हम पहचानें की 1971 के युद्ध में जिस प्रकार की पराजय पाकिस्तान की हुई उसी में से जन्म हुआ है इस प्रॉक्सी वार का । इसको कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और दुनिया को भी नजरअंदाज नहीं कर देना चाहिए कि प्रॉक्सी वार का जन्म उसमें से हुआ और प्रॉक्सी वार लड़ना सीधे युद्ध लड़ने से ज्यादा कठिन है ।

गुलाम नबी आजाद जी का भाषण मैं सुन रहा था । उनके हिसाब से तो जैसे जो कुछ सत्यानाश हुआ है, इन दो साल में ही हुआ है, बाकी तो ठीक-ठाक चल रहा था, सारी स्थिति सुधरी हुई थी । 1991 से लेकर 1996 तक इतना परिवर्तन हो गया था, 1991 में गड़बड़ की, 1990 में गड़बड़ की, जो उस समय की सरकार थी, जिस सरकार का हम समर्थन कर रहे थे, इसलिए हम अपराधी हो गए उसके लेकिन 1991 से 1996 में

इन पांच सालों में तो बस सब ठीक-ठाक हो गया । इतना ठीक-ठाक हो गया कि उसकी कसौटी यह है कि 1996 में चुनाव हो गए । चुनाव तो 1998 मे हुए, 1999 में भी हुए और परसेटेट भी अच्छा-खासा गोल किया, जैसा इन्होनें बताया । कुलदीप साहब, यह कहना ठीक नहीं है- 1977 के चुनाव का मैं भी क्रेडिट लेता था लेकिन यह कहना कि उसके बाद कोई चुनाव हुआ ही नहीं, हमारे यहां हिंदुस्तान भर में जो चुनाव होते हैं उनमें कमियां तो रहती है । मैं नहीं कहता कि उनमें इररेगुलरीटीज नहीं होती । लेकिन कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर मे हम चुनाव सही करवाने की लगातार कोशिश करते रहते हैं । इलेक्शन कमीशन उसके ऊपर होता है । पहले चुनावों मे इलेक्शन कमीशन नहीं होता था, अब होता है । गुलाम नबी आजाद जी की एक बात से मुझे थोड़ी शिकायत है और यह बोला जाता है हमे यह भी समझना चाहिए की जम्मू-कश्मीर के बारे में इस सदन में जो कुछ बोला जाता है वह केवल हिंदुस्तान में नहीं सुना जाता बल्कि दुनिया भर में सुना जाता है, और उसमें हम जहां एक और कहें कि सेना बहुत अच्छा काम कर रही है, वही हमें पुलिस नहीं चाहिए, सेना भेज दो, हमें सेना पर यकीन है । यदि वहां ऐसी स्थिति पैदा हो जाए जिसके कारण सेना भर भरोसा उठ जाए तो मैं समझता हूं कि इस प्रकार का बयान देकर आपने सेना के साथ न्याय नहीं किया है और खासकर इसलिए क्योंकि मैं समझता हूं कि जिन्हें भी अंनतनाग की घटना का पता चला वे चौंक गए कि यह कैसे हुआ ? क्यों हुआ ? मुझे खुशी है कि वहां की सरकार ने तुरंत इसकी जांच जारी की और उस जाचं की रिपोर्ट आनी बाकी है। उससे इस प्रकार का बयान कोई प्रमुख सदस्य सदन में दे तो किसी ने सही कहा है कि इसका उपयोग सबसे ज्यादा पाकिस्तान करेगा, टी.वी. करेगा । क्यों नहीं करेगा ? उसका हक है । यह फैक्ट है। मैं केवल इसकी बात नहीं करता, मैं इसके लिए रूकूंगा जब तक जांच रिपोर्ट न आए । मैंने सेना से जानकारी ली । मैनें कहा कि पाकिस्तान के लोग ह्यूमन राइट्स का सवाल उठाकर दुनिया मं हमें बदनाम करेन की कोशिश करते हैं । पिछले दस सालों में जम्मू-कश्मीर में अगर कहीं पर ज्यादती किसी सैनिक ने की, किसी पैरा-मिलीट्री फोर्स वाले ने की तो उसमें हमने क्या कार्रवाई की, इसकी मुझे रिपोर्ट दे दो । आज मैं पाता हूं कि कुल मिलाकर जितने केसिज आए, ह्यूमन राइट्स वॉयलेशन के या किसी सैनिक द्वारा एक्सोसिज़ करने के, तो 94 सैनिकों को जेल भेजा गया अलग-अलग काल के लिए । 22 लोगों को बर्खास्त किया गया, हटाया गया । मैं नहीं जानता कि दुनिया के देश इस प्रकार की स्थिति में जिसे कि शंकर राय चौधरी ने ठीक कहा कि is a war situation. It is not an internal security but it is external security which is threatening. और ऐसी स्थिति में भी हमारे सैनिक अधिकारी, हमारी सरकारें, हमारे ह्यूमन राइट्स कमीशन, नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन इतना काम करें उसके बाद

यदि एक घटना हो गई, जिसमें कोई एक्सेस कमिट हो गया, जिसके बारे में जांच भी बिठाई गई, उसके बाद भी यह कहा जाए तो यह बहुत शर्म की बात है। सार्वजनिक रूप से उसके बारे में हम यह बयान दें तो क्या हम इन सैनिकों के प्रति न्याय करते हैं ? मुझे लगता है कि हम न्याय नहीं करते। बहुत कठिन स्थिति में वे लोग लड़ रहें हैं। ऐसी स्थिति मे अगर कोई कसौटी है- ठीक है एक कसौटी दी जा रही है कि कितने लोग मारे गए, कितने आम लोग मारे गए, कितने मिलीटेंट्स मारे गए ? एक स्थान पर मैंनें जिक्र किया, जिक्र मैंने केवल इसलिए किया क्योंकि यह धारणा बनी है कि बांदीपुर में हमला हुआ, सिखों पर हमला हुआ और मिलीटरी इंस्टालेशन पर हमला हुआ Perhaps, the militants are having an upper hand.

और हम कुछ कर नहीं पा रहें हैं। इसलिए कारगिल के बाद अगस्त से लेकर अप्रैल तक का मैने जिक्र किया तो इसलिए कि कारगिल के बाद से लेकर इतनी मिलीटेंट्स को हमारी सिक्योरिटी फोर्सेस ने इलेमिनैट किया, इसकी संख्या दी है। एक संख्या यह भी हो सकती है। कुल मिलाकर एक मोटा आंकडा मेरे सामने आता है और उसमें भी यदि इस प्रकार के वक्तव्य हमारे मानीनय सदस्य दें कि पचास से लेकर सत्तर हजार की संख्या होंगी, मैं सुनकर हैरान हुआ। जबकि यह फैक्ट है कि यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। सीधे युद्ध में कभी भी इतने लोग नहीं मारे जाते जितने प्रॉक्सी युद्ध में मारे गए हैं। दस हजार सिविलियन्स इन दस सालों में मारे गए हैं।

SHRI GHULAM NABI AZAD: I want to correct you. Today morning, I talked to the Director-General of Police and the Chief Minister. The figure they have given is 32,000. So, either you are wrong or the State Government is wrong.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैं जो बता रहा हूं मैं दस हजार सिविलियन की बात बता रहा हूं।

SHRI GHULAM NABI AZAD: About civilians, they told me that it is more than 25,000.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मेरे पास आंकड़े हैं, मंथ वाइज है, इयर वाइज है, एक एक क्षेत्र के हैं। उनके आधार पर करीब 10 हजार सिविलियन नाइन थाउजेंड मिलिटेंट्स ऐंड टू थाउजेंड सेक्युरिटी मैन थे। मैं मानता हूं कि ...

मौलाना अबैदुल्ला खान आज़मी: बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : बहुत नुकसान हो रहा है। यह छोटा अमाउंट नहीं है। यह बहुत बड़ी फिगर है। लेकिन अगर कसौटी पर लेना है तो बहुत सही बात हमारे गुलाम

नबी आजाद जी ने कहा कि वहां पर उद्योग नहीं है । जम्मू-कश्मीर में कोई इंडस्ट्री नहीं है अगर कोई इंडस्ट्री है तो वह टूरिज्म है और टूरिस्ट का जो इन्फ्लेक्स होता है उसको मैं ज्यादा सही कसौटी मानता हूं । मैं अभी अभी जम्मू-कश्मीर गया था । वहां पर जितने लोग मिले वे एक ही बात कहते थे कि आडवाणी साहब टूरिस्ट भेजिए । चाहे नाव वाला हो, शिकार वाला हो, दुकानदार हो वे एक ही बात कहतें हैं, मैं सारी वेली की बात कर रहा हूं, केवल श्रीनगर की बात नहीं कर रहा हूं कि टूरिस्ट भेजिए । सारा उद्योग इस पर अवलंबित हैं । इसमें मैं देखता हूं कि जिस काल की बात आपने की है उस काल से अब स्थिति अच्छी हो गई है ।

श्री गुलाम नबी आजाद : दूसरा मैने बताया था कि 30-32 हजार । मैंने यह अलग अलग नहीं कहा । मैने लोगों को अलग अलग नहीं किया । डिफेंस और फोर्स के लोगों को अलग नहीं किया और कहा कि कुल इतने लोग मरे ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैने आपको ऐक्चुअल फिगर दी है । आपने उस समय 50 हजार, 70 हजार कहा। आपकी बात रिकार्ड में है । उस समय सदन के नेता बैठे थे, उन्होनें मुझे कहा कि देखिए इस बात को लोग कोट करेंगे कि 50 हजार है, 70 हजार हैं ।

श्री गुलाम नबी आजाद : इसमें सेक्युरिटी फोर्सेज भी हैं ।

***श्री शरीफ-उद्-दीन शरीफ** : इसी बात को प्रेस के जरिए से आम बात बनायी जा रही है कि 70 हजार के करीब लोग मारे गए हैं । जो न मिलिटेंट हैं और न फोर्स के लोग हैं । ऐसा कहा जा रहा है । तो क्या यह अच्छा नहीं रहेगा कि आप स्टेट गवन्नमेंट से कहकर बाकायदा सर्वे कराकर इनकी पूरी लिस्ट साया कर दें ताकि लोगों को पता चलें की हकीकत क्या है ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैनें कहा है कि हम नार्मलसी की ओर कितना जा रहें हैं । वहां पर टूरिज्म कितना पनप रहा है, टूरिस्ट ट्रैफिक कितना है और इसको मैं कसौटी मानता हूं । मेरे पास आंकड़े हैं और जब मैं उन्हें देखता हूं तो पाता हूं कि In 1995, the tourist traffic of domestic tourists in the Kashmir Valley went down to an all-time low of 322 in the whole year, पूरे साल में 322 यात्री भारत के कश्मीर वैली में गए । 1989 से लेकर जो ड्राइंग अप शुरू हुआ और 1995 में यह काम होते होते 322 हो गया और फिर थोड़ा सा इम्प्रूवमेंट हुआ और 1996 में यह 375 हुआ । पहली बार 1998 में पूर्व स्थिति की और जाने के लक्षण मिले क्योंकि पूर्व स्थिति लाखों में होती थी । इस स्थिति

*Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

की ओर जाने के लक्षण 1998 में मिले जब टूरिस्ट 99636 हुआ और जो पिछले दो सालों से बराबर आगे बढ़ता जा रहा है । यद्यपि 1999 में कारगिल बीच में आ गया और कारगिल के बीच में आने के कारण वहां मामला रूक गया । मैं मानता हूं कि प्राक्सी वार में पाकिस्तान को जो पराजय मिली है वह कारगिल का एक फैक्टर है । कारगिल की पराजय ने पाकिस्तान को फिर से प्राक्सी वार के लिए उत्तेजित कर दिया,प्रेरित कर दिया । ये दोनों इंटररिलेटेड हैं । हमें इस सच्चाई को पहचानना चाहिए । इस सच्चाई को पहचानने के बाद यह मानना पड़ेगा कि पाकिस्तान सफल नहीं हुआ है। वह इन दो सालों में विफल हुआ हैऔर वह प्राक्सी वार में भी विफल होगा इसमें मुझे कोई संदेह नहीं है । अभी अभी मैं वहां से होकर आया हूं । यह ठीक है कि जिस समय कारगिल युद्ध आया मैने उसका थोडा सा जिक्र अपने वक्तव्य में किया है । कारगिल के युद्ध के समय हमारे पास कोई आप्शन नहीं रहा सिवाय इसके कि सेना जो सिक्योरिटी ग्रिड में लगी हुई थी, इंटर्नल सिक्युरिटी में लगी हुई थी, डोडा. पुंछ, राजोरी और कश्मीर वैली में लगी हुई थी, उन सब को वहां से हटा कर के कहा कि जाओ कारगिल में जा कर उनको रोको, उनको पराजित करो, कारगिल में जहां उन्होनें कब्जा किया है,वहां से उखाड़ कर बाहर फैंकों । उसमें उन्होनें बहादुरी दिखाई, उन्होनें जो साहस दिखाया, उसके कारण हम कारगिल का युद्ध जीते, विजयी हुए । कारगिल के युद्ध में जो विजय प्राप्त हुई, वह पूर्व की विजय से इस नाते से बिल्कुल भिन्न है कि पहले हम 1947 में जीते, 1965 में जीते, 1971 में जीते, तीन बार जीतने के बाद भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर यह धारणा हमेशा बनी रही कि हमने कोई ठीक नहीं किया, भारत ने ठीक नहीं किया, इस मामले में पाकिस्तान ज्यादा ठीक है । यह पहला युद्ध था 1999 का जिसमें भारत को दोहरी विजय प्राप्त हुई, रणभूमि की विजय और कूटनीतिक विजय आनॅ दी बैटल फील्ड...(**व्यवधान**)...

श्री मूल चंद मीणा :पहले उनको भीतर घुसाया और फिर बाहर निकाला ...(**व्यवधान**)...

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : यह देश की विजय है, इसको कोई सरकार की विजय नहीं मानते ।...(**व्यवधान**)... सैनिकों को हम क्रेडित देते हैं । ...(**व्यवधान**)...

श्री मूल चंद मीणा: गलती किस की रही ? ...(**व्यवधान**)... उनको घुसने किसने दिया था ? ...(**व्यवधान**)...

DR. KARAN SINGH (Delhi): Mr. Chairman, Sir, I want to submit one point. I do not think it is correct to devalue or underrate our tremendous victory in the Bangladesh war. ... *(Interruptions)*...

SHRI L.K. ADVANI I am not underrating. ...*(Interruptions)*...

DR. KARAN SINGH ; My submission, Mr. Chairman, Sir, is that both are entirely different problems. You cannot ...*(Interruptions)*... Advanji, I will take only one minute. That was not only a great military victory, but it was also accepted around the world as a tremendous new diplomatic victory because a new nation was created out of this victory. So, I would submit that this is an entirely different matter. That was a national victory. It is a different thing. ...*(Interruptions)*... It is not befitting that you should devalue one for the other.

SHRI L.K. ADVANI : So far as Dr. Karan Singh is concerned ... *(Interruptions)*...

SHRI PRANAB MUKHERJEE It was equally a diplomatic victory; a new nation was born. Please clarify that point. A new nation was created which was recognised by every country. Immediately after that, a new recognition came. How can you say that it was a diplomatic failure? You cannot say that it was a diplomatic failure. It is a national success; it was an international success. ... *(Interruptions)..'*. I take strong exception to the statement that the victory of 1971 was not an international victory. It is wrong on the part of the Home Minister to make such a statement. He cannot do that. ...*(Interruptions)*... Please clarify that point. ... *(Interruptions)*...

श्री रामचन्द्र खूंटिया(उड़ीसा): वह दूसरी तरह की लड़ाई थी ...(**व्यवधान**)... इसको कंपेरिजन कैसे कर सकते है आप ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आजाद : अपने घर को खाली करवाने को जीत मानते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री राजू परमार : यह तो अपनी जगह खाली करवाई है ...(**व्यवधान**)... आपने गलत कहा है ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : क्या गलत कहा है ? ...(**व्यवधान**)...

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सभापमि महोदय, 1971 के युद्ध की तो इतनी शानदार विजय थी उसके कारण पाकिस्तान को सोचना पड़ा कि हम इनके साथ युद्ध में मुकाबला कर ही नहीं सकते। इनके साथ मुकाबला करने गये जैसे चौबे जी छब्बे बनने गये और दुबे रह गये। There was no question of comparing. That was a spectacular victory, हमारे उस समय के नेता वाजपेयी जी जो उस समय भारतीय

जनसंघ के अध्यक्ष थे, उन्होनें जिस प्रकार से उस समय की सरकार और सरकारी के प्रधानमंत्री की जिन शब्दों में उसकी प्रशंसा की, उसकी कोई तुलना नहीं हो सकती । लेकिन हां, हम इस बात को भूल नहीं सकते कि अमरीका ने सेवन्थ फ्लीट भेजा था उस समय हमको पराजित करने के लिए । मैं तो यह कह रहा हूं कि इस बार की विक्ट्री में यह जुड़ गया कि विश्व भर ने पहचाना कि कश्मीर के मामले में कारगिल के मामले में भारत सही है और इसीलिए उस समय अमेरिका ने सेवन्थ फ्लीट भेजा था यहां पर हमारे खिलाफ । इस बात को हम भूल नहीं सकते । यह सोचना कि हमने 1971 में ...(**व्यवधान**)... । am not vielding.

SHRI GHULAM NABI AZAD: We should not forget that, at that time, the world was a bi-polar world, but, today, it is a uni-polar world..... *(Interruptions)* ...

श्री संघ प्रिय गौतम : इनको बैठाइए ...(**व्यवधान**)... किसी को नहीं बोलने दीजिए ...(**व्यवधान**)...

SHRI T. N. CHATURVEDI: Let the Leader of the Opposition speak. Why is Mr. Ghulam Nabi Azad interrupting? We will not allow that. ....*(Interruptions)* ...

LEADER OF THE OPPOSITION (DR. MANMOHAN SINGH): We are having a very serious debate on the security environment and the grave situation prevailing in Jammu and Kashmir. I do believe that nothing should be done to detract from the seriousness which this House attaches to the grave situation prevailing in Jammu and Kashmir. Therefore, I beg of the hon. Home Minister not to indulge in polemics which would give an indication to the rest of the world that in dealing with this grave situation, we are not of one voice. I respectfully request the hon. Home Minister not to insist on describing the 1971 event and the 1999 event ...*(Interruptions)*...

SHRI RAJU PARMAR: What is this? The Leader of the Opposition is speaking ....*(Interruptions)* ...

MR. CHAIRMAN: Let the Leader of the Opposition complete it. *(Interruptions)* ...

DR. MANMOHAN SINGH: Mr. Chairman, I once again request the hon. Home Minister not to make these comparisons. He has seen, for

example, that we do not agree with the way in which he has described the event of 1971 tod the way in which he has compared the event of 1971 with that of 1999. I think, by indulging in this polemics, he is detracting from the seriousness which all segments of this House attach to the situation in Jammu and Kashmir. If the hon. Home Minister is not withdrawing those words, I think, we will not be a party to this.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: He should withdraw his words about the 1971 war. Otherwise, we are not going to participate in this. You cannot compare this with the Bangladesh war.

SHRI S. S. AHLUWALIA: What is there to be withdrawn? Why should he withdraw it?

SHRI L. K ADVANI: I have not compared anything. ... *(Interruptions)....*

SHRI PRANAB MUKHERJEE: You should withdraw those words.

SHRI L. K ADVANI: I have said that the victory of 1971 was a historic victory. It is a triumph, for which there is no parallel. But, so far as the world opinion about India-Pakistan relations in the context of Kashmir, is concerned, for the first time, there was a change this time. There is nothing else.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: That is your individual assessment. I do not agree with that assessment.

SHRI L. K. ADVANI: You may not agree with it. I do not expect you to agree with it. But, at the same time, I say कि उसमें परिवर्तन आया । एटीटयूड में परिर्वतन आया और वह एटीट्यूड में परिवर्तन जो है आज निश्चित रूप से है । आज हम जम्मू-कश्मीर में जिस प्रकार की समस्या का सामना कर रहें हैं उसमें हमारी टू-प्रांग्ड एप्रोच है । एक तरफ तो हम जमीन पर इन उग्रवादियों के साथ सिक्योरिटी फोर्सेज के माध्यम से मुकाबला कर रहें हैं वहां, दूसरी ओर विश्व भर में इस बात की कोशिश कर रहें हैं कि जो भी राज्य क्रास बार्डर टेरोरिज्म की अपनी पालिसी अपनाकर पडोसी देश पर हमला करें तो उसके खिलाफ विश्व भर में वातावराण बने । मैं मानता हूं कि उस विश्व भर में वातावरण बनाने में हमने कारगिल में जिस प्रकार से युद्ध का संचालन किया उसने बहुत बड़ी सहायता की । कुछ लोग मजाक उडाते हैं श्री वाजपेयी जी का आप लाहोर क्यों गए आपको नहीं जाना चाहिए था । मैं मानता हूं कि कुल मिलाकर विश्व भर में जो परिवर्तन हो रहा

है ...। टूवड्र्ज क्रॉस बॉर्डर टैरोरिज्म उसमें से भारत के प्रधान मंत्री का स्वंय लाहौर जा करके दोस्ती का हाथ बढ़ाना, वह एक प्रकार से बहुत बड़ी भूमिका है ।

DR. MANMOHAN SINGH Sir, I do not want to detract from the achievements of the country, whether it is in Kargil or in Bangladesh. I would respectfully request, once again, the hon. Home Minister, to withdraw those words that he said, that the 1971 war was a diplomatic defeat. If you do not, we will walk out. *(Interruptions).* We walk out.

SHRI E. BALANANDAN (Kerala): Mr. Home Minister, when we are discussing questions which are relevant today, you were degrading the discussion by your statement. *(Interruptions).* We are sorry to say that. You are taking unnecessary issues, out of bounds. We also walk out in protest against your statement.

SHRI R. MARGABANDU: We also walk out. *(Interruptions).*

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: This is your election politics. *(Interruptions).* We too walk out.

(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): They have given wrong figures. They have misled the nation. They have misled the whole House also.

SHRI ADHIK SHIRODKAR: I have been finding regularly that points are made not because of the concern about issues, but to take political mileage. When that political mileage is negatived by good reasoning, by good facts, the only way for them is to stage a walk-out. I think this is a wrong practice. *(Interruptions).*

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : When they speak, we keep quiet, we hear them. They complete their speeches. At the end of it, they make some allegations and then walk out. Should we only keep quiet in this House on such sensitive issues, national issues? They are only trying to score political points.The entire country is watching us. People say, "You verify the record". They say 60,000 people died, 40,000 people died. 35?t ^ 31TOI, *fibii*^ f^JT I Is this not an insult to the country? Are we not harming the interests of the country? Is this the behaviour of responsible parties or Members of Parliament? We should keep the country's interest in mind. He

has not uttered any word. They are asking him to withdraw the words that he has used. Please go through the record. There is no mention about that particular thing.

SHRI SR. BOMMAI (Karnataka): Nobody disputes the high standards of the debate. But, walk-out is a method democratically exercised by the Opposition whenever it disagrees with the Government or whenever they do not get a proper reply from the Government. I was not present. So, I do not want to comment about the statement of the Home Minister. But Mr. Venkaiah Naidu has no right to comment on the conduct of the Members when they walk out.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: As a Member, I have got a right to express my opinion. Do you want to curtail that?

SHRI T.N. CHATURVEDI: We listen to them patiently. They should also listen to us patiently. Then they can leave. We do not dispute their right.

SHRI S.R. BOMMAI: On this side, the present hon. Home Minister and we, together, a number of times, have walked out.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: There is nothing wrong in a walk-out. But hear others also.

SHRI T.N. CHATURVEDI: It is good for health to walk. But there is a time for it.

SHRI SHARIEF-UD-DIN SHARIQ: There is a difference between a walk-out and a run-out.

सर, मुझे इस बात का बहुत दुख है कि कश्मीर के बारे में बात हो रही थी.कश्मीर की मुश्किलात के बारे में बात हो रही थी, मुसलमानों के बारे में बात हो रही थी, कश्मीर और देश के ताल्लुक को मजबूत बनाने की बात हो रही थी । इस आधार पर मामूली बात का बहाना बनाकर ये लोग बाहर चले गए । या तो उन के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है । अगर है तो वे शर्मिन्दा है और खिसियानी बिल्ली की तरह भाग रहे हैं ।

मुझे ईमानदारी के साथ कहने दीजिए चाहे बाद में होम मिनिस्टर साहब मुझे हथकड़ियां भी पहनांए । लेकिन मैं कहूंगा कि अगर 1971 की जंग ने उन के साथ जो बिना वजह लड़ी और वाह-वाही मिली, इस वजह से भी यह दुश्मनी गहरी बनी और उसी का

नतीजा हम आज तक भुगत रहे हैं । तो लिहाजा मैं बहुत जरूरी चीज के खिलाफ एहतजाज करता हूं कि कश्मीर के बारे में इतनी नफरत क्यों हैं इन के दिलों में ? उन को बैठाना चाहिए था, सुनना चाहिए था और होम मिनिस्टर साहब से क्लिअर जवाब लेना चाहिए था और वह वहां क्या करने जा रहे हैं बेहबूदी के लिए, वह लेना चाहिए था । महज अब गलतियों पर पर्दा डालने के लिए वाक-आउट करना, यह भी कोई सियासत हो सकती है ?

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल (उत्तर प्रदेश): सर, एक इजाजत दें । आप यहां मौजूद है, कौन सी ऐसी बात कही गयी जिस के लिए उन्होनें विद्ड्रा करने की चर्चा की ?

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी : सर, मामला कुल इतना है कि हम लोग यहां बैठे सुन रहें हैं । होम मिनिस्टर साहब ने यह कहा कि पाकिस्तान हम से 1948 से लेकर अब तक लड़ता हुआ आ रहा है । हम ने 1948 में भी उस को पराजय दी, 1965 में भी उस को पराजय दी,1971 में भी पराजय दी और कारगिल में भी उस को पराजय दी । मगर कारगिल की पराजय कुछ अलग ढंग से पराजय थी । उस पराजय में हम इतना बड़ा मैसेज नहीं दे पाए जितना बड़ा मैसेज इस वक्त हम ने दिया । हम ने कूटनीति में भी उन को पराजित किया और बॉर्डर पर भी उन को पराजित किया । सर, अब मामला यहां से आया कि 1971 की जंग का हवाला आप मत दीजिए इसलिए कि 1971 की जंग एक ऐसी जंग हुई जिसमें एक देश के दो टुकड़े हुए । पाकिस्तान की कोख से अलग होकर बांग्लादेश बना और हम ने हिंदुस्तान की गर्वनमेंट ने अपनी राजनीति से पूरी दुनिया के जरिए बांग्लादेश को मान्यता दिलवा दी और हम ने कारगिल से बड़ा एक मैसेज दिया था । इसलिए आप यह पॉलिटिकल फतह हासिल करने की कोशिश मत कीजिए । मैं समझता हूं कि पॉलिटिकल वे में जाकर दोनों साइड ने अपनी-अपनी बात को रखा है वरना सच्ची बात यह है कि हम 1971 में भी हिस्टोरिकल जंग जीते थे और कारगिल में भी हम हिस्टोरिकल जंग जीते हैं । इस पर और अच्छे ढंग से गुफ्तुगू कर के कश्मीर कर के कश्मीर के मसले को मुल्क की कौमियत और इत्तेहाद के लिए आगे बढ़ाया जा सकता था ।

SHRI P.N. SIVA (Tamil Nadu): Sir ...

MR. CHAIRMAN: Let the Home Minister reply.

SHRI P.N. SIVA: Sir, I have to say only one thing. We were discussing a very grave and important issue on which they have expressed their views and the Home Minister is giving reply to those points. What they have done is not a good thing. It will send a wrong signal to the nation and to the people all over the world that we are not having a consensus on

this issue. So, this type of attitude to gain political mileage by asking the Home Minister to withdraw something which he has not said, is not fair. We must arrive at a solution to this problem. We must try our best to solve this problem to mitigate the sufferings of the people in the Valley. It is our duty to bring to the notice of the Chair that what they have been repeatedly doing in the House is not a healthy practice. Thank you.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सभापति जी, दो साल से इस सरकार के सामने आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से समस्याएं आ रही है । केवल जम्मू-कश्मीर में नहीं, उत्तर-पूर्वी राज्यों में भी ये रही है । सभापति जी, जिन तीन चीजों का उल्लेख हम ने इस में किया है कि हमारा त्रि-सूत्रीय एप्रोच है, पॉलिसी है, उस में पहला यह है कि जो लोग हिंसा, आतंकवाद के सहारे देश को कमजोर करना चाहते हैं, उन को सेक्युरिटी फोर्सेस के माध्यम से निरस्त करना और विफल करना । लेकिन उस के साथ-साथ हम यह जानते है कि चाहे पाकिस्तान के आई.एस.आई. ने या पाकिस्तान की किसी एजेंसी ने काम किया हो, अगर लोगों को रोजगार हो, लोग खुशहाल हों तो वे उस के चक्कर में नहीं फसेंगे । लेकिन जब स्थिति ऐसी हो जैसी कि शरीफ-उद्-दीन साहब ने बताई कि लोगों के पास रोजगार नहीं है और उन्हें कोई आकर कहता है कि तुम को यह रोजगार मिल जाएगा, तुम को 5 हजार रूपए मिल जाएंगे, तुम्हारे घर में जो कमी है या जो विवाह होना है यह कर देंगे तो वह फिसल जाता है और वह गलती कर डालता है । वही चीज उत्तर-पूर्व में हुई । और इसलिए वहां पर चाहे नागालैंड हो, चाहे बोडोज़ हों, उनके साथ बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ जब उन्होनें भी माना कि अच्छा हम बातचीत करने को तैयार है । इन दिनों में खासकर के कारगिल के बाद, मैंने कारगिल का ज़िक्र वैसे ही नहीं किया, बहुत सोचकर के किया कि कारगिल के बाद ऐसी स्थिति आई जब कि पाकिस्तान ने अपनी प्रॉक्सी वार बढ़ा दी, उसको और अग्र बना दिया और हमारे मिलिट्री-आर्मी इंस्टालेशंस पर भी हमला शुरू कर दिया और सुसाइड स्कवेड भेजकर के एक मोटरकार में अपने एक्सप्लोसिव्स रखकर ये सारे काम किए, तो सरकार से पहले तो हम हमेशा कहते थे कि हम बातचीत करने को तैयार है, आप किसी भी विषय पर बातचीत करिए, आप कश्मीर पर बातचीत करें, हम बातचीत करने को तैयार है, लेकिन कारगिल के बाद और खासकर के प्राक्सी वार के ऐग्रावेशन के बाद एक सुविचारित फैसला किया गया कि हम पाकिस्तान से तब तक बातचीत नहीं करेंगे जब तक वो अपना यह रवैया नहीं छोड़ता । मुझे इस बात की खुशी है कि दुनिया के देशों ने भी, जो लोग पहले हमको बार-बार कहते थे कि बात करो, बात करो, उन्होनें भी कहना शुरू किया कि हां, बातचीत के लिए पाकिस्तान को ही ऐसा वातावरण तैयार करना पड़ेगा, जिसमें सार्थक बातचीत हो सके । यह दृष्टिकोण आने के

बाद हमको लगा कि जम्मू-कश्मीर में भी कुछ लोग है जो हमारी नीतियों से नाराज़ हैं, जो कोई कारणों से जेल में बंद हैं, यह मौका है कि हम उनको छोड दें । यह नहीं कि हम कोई बात कर रहें हैं इसलिए उनको छोड़ रहें हैं, यह मौका है कि हम उनको छोड़ देते हैं, वे बातचीत करना चाहे तो करें । मैनें केवल एक वाक्य का उल्लेख किया इसमें क्योंकि आपने उसको तो थर्ड कहा, शायद हमारे सी.पी.एम. के नेता ने जिक्र किया कि "So far as the third part of the strategy is concerned, you have made only one statement; you have said one single sentence only." It is true क्योंकि अभी तक हमने तय यह किया है कि फलां का यह बयान आया है, फलां का यह बयान आया है, आपका क्या कहना है । कश्मीर स्टडी ग्रुप का यह है, आपका क्या कहना है । मैं इतना ही कह सकता हूं कि इस समय मुझे उसके बारे में कुछ नहीं कहना है, जो कुछ कहा है इस वक्तव्य में कहा कि बातचीत करेंगे तो संविधान के दायरे में करेंगे और संविधान के दायरे में कोई भी हमारा हिस्सा, हमारे संविधान का हिस्सा किसी दूसरे को देने का सवाल ही पैदा नहीं होता । इस चीज़ को ध्यान में रखते हुए ही हमने सारी बातें की है । जम्मू-कश्मीर के उग्रवाद का मुकाबला करने में एक-एक कदम सोच-विचार कर सरकार ले रही है । हम सबको सलाह कर रहें हैं, पार्लियामेंट के कई मैम्बर मुझसे मिलते रहें हैं । अगर यह सुझाव है कि मैं दस लोगों से एक साथ मिलूं, मुझे उसमें कोई आपत्ति नहीं, आल पार्टी मीटिंग बुलाने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन उसका कोई अवसर होना चाहिए । और सरकार आएगा तो सरकार निश्चित रूप से उस मार्ग पर चलेगी ।

मुझे विश्वास है कि जहां पंजाब में कुछ साल पहले ऐसी स्थिति दिखती थी कि शायद वहां नार्मेल्सी आएगी ही नहीं, कभी नहीं आएगी, आज शायद किसी को लगता हो कि जम्मू-कश्मीर में भी वैसी ही है, वैसा है नहीं । आज भी वहां जाकर देखिए तो नॉर्मल काम चल रहा है । एक आध बड़ी घटना हो जाती है चट्टीसिंह पुरा जैसी तो सारे देश में तहलता मच जाता है, वह करना बहुत मुश्किल नहीं होता है लेकिन सामान्यतः वहां पर गतिविधि नॉर्मल है, बहुत अच्छी चल रही है और मैं समझता हूं कि देश निश्चित रूप से जिस प्रकार से हमने कारगिल में उनको पराजित किया, इस प्राक्सी वार में भी देश उकनो निश्चित रूप से पराजित करेगा।

THE NATIONAL HOUSING BANK (AMENDMENT) BILL, 2000

MR. CHAIRMANiHon. Members, we will now take up the